हर खबर पर पैनी नजर

नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

पेज : 08

ब्लैक शॉर्ट्स पहन अवनीत कौर ने दिखाया कातिलाना लुक

www.naisochlive.com | पटना, गुरुवार, 20 फरवरी 2025, वर्ष- 08, अंक- 04, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com

प्रयागराज के किसी भी गुनहगार को बख्शा नहीं जाएगा : योगी आदित्यनाथ

जिन्होंने रात में चुन चुन कर बस्तियों को लूटा, वही नसीबों के मारों की बात करते हैं-यूपी विधान सभा में गूंजा कुंभ का मुद्दा, विपक्ष के आरोपों पर मुख्यमंत्री ने किया पलटवार

एजेंसी, लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष के सदन में कुंभ पर चर्चा कराए जाने की मांग प्रस्ताव पर बालते हुए कहा कि सनातन के आयोजन को भव्यता से करना क्या कोई अपराध है, अगर है तो इसको हमारी सरकार कर रही है, आगे भी करेगी। योगी ने कहा कि सदन को आश्वस्त करता हूं कि अगर प्रयागराज कुंभ का जो भी गुनहगार होगा उसे बख्शा नहीं जाएगा, वह कोई भी हो, कितना भी बड़ा क्यों न हो। मुख्यमंत्री ने कुछ पंक्तियां पढ़कर विपक्ष पर हमला बोला- बड़ा हसीन है, इनकी जबां का जादू..लगा के आग, बहारों की बात करते हैं,जिन्होंने रात में चुन चुन कर बस्तियों को लूटा, वही नसीबों के मारों की बात करते हैं...

नेता सदन ने कहा कि जिस समय यह चर्चा चल रही है, उस समय संगम में 56 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। जब आस्था के खिलाफ अनर्गल प्रलाप करते हैं तो यह 56 करोड़ की आस्था के खिलाफ है। यह किसी सरकार का आयोजन नहीं है, सरकार पीछे से सहयोग कर रही है। हमारी सनातन के प्रति श्रद्धा का भाव है। अफवाहों को दरकिनार करते हुए आम जनमानस ने सफलता की ऊंचाई पर पहुंचाया है। बुधवार को दोपहर तक 56 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। हमारी सम्वेदनाएँ उन सभी श्रद्धालुओं के साथ है जो 29 तारीख की भगदड़ में शिकार हुए या अन्य सड़क दुर्घटनाओं में हताहत हुए। सरकार उनके साथ खड़ी है। उन्होंने झूठी अफवाहें फैलाने के लिए विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा कि काहिरा का वीडियो महाकुंभ के साथ जोड़ा गया। नेपाल झारखंड की अन्य घटनाओं के वीडियो महाकुम्भ का बताया गया। योगी ने कहा कि ये लोग महाकुम्भ का विरोध पहले दिन से कर रहे थे। पिछले सत्र में हम चर्चा करवाने को तैयार थे, लेकिन इन्होंने चर्चा में भाग नहीं लिया, भाग खड़े हुए। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पहले बयान दिया कि इतना पैसा और इतना विस्तार देने की क्या जरूरत है ? सपा के सोशल मीडिया हैंडल देखें तो वहां की भाषा उनके संस्कारों को प्रदर्शित करता है। यह भाषा किसी सभ्य समाज की नहीं हो सकती। ये लोग अकबर का किला जानते थे, लेकिन अक्षयवट और सरस्वती कूप नहीं जानते थे। इनका बयान है जो सरकार स्नान के आंकड़े बता रही है, मरने वालों का आंकड़ा भी बता दें ?

मप्र के भिण्ड में डंपर ने खड़े लोडिंग वाहन को मारी टक्कर सात की मौत और 18 घायल

एजेंसी, भिंड

मध्य प्रदेश के भिंड जिले में इटावा रोड पर जवाहरपुरा गांव के पास तेज रफ्तार डंपर ने सड़क किनारे खड़े लोडिंग वाहन को टक्कर मार दी। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य 18 लोग घायल हुए हैं, जिनका अस्पताल में उपचार जारी है। लोडिंग वाहन को टक्कर मारने के बाद डंपर ने बाइक को भी चपेट में ले लिया था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रुपये, गंभीर घायलों को 1-1 लाख और सामान्य घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। हादसा नेशनल हाईवे क्रमांक 719 पर मंगलवार सुबह करीब 5 बजे हुआ। हादसे के शिकार सभी लोग जवाहरपुरा गांव में शादी से अपने गांव भवानीपुरा लौट रहे थे। सभी आपस में रिश्तेदार हैं। डंपर ड्राइवर मौके से भाग निकला। हादसे के बाद ग्रामीणों ने जाम लगा दिया। हाईवे को सिक्सलेन बनाने की मांग करते हुए कलेक्टर, एसपी और सांसद समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नारेबाजी की। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने उन्हें समझाने की कोशिश की। दुर्घटना की जानकारी लगते ही भिंड कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव, एसपी असित यादव, एसडीएम अखिलेश शर्मा, डीएसपी दीपक तोमर वहां पहुंचे और लोगों से बातचीत की। उनकी मांग ऊपर पहुंचाने का भरोसा दिलाया। करीब चार घंटे बाद जाम खुल सका। इस दौरान व्यवस्था संभालने के लिए चार थानों का पुलिस बल बुलाया गया था। इससे पहले कलेक्टर श्रीवास्तव जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों से मिले। वहां मौजूद परिजन से बात की। जानकारी के मुताबिक, जवाहरपुरा निवासी राकेश जाटव के बेटे की शादी सोमवार को थी।

ज्ञानेश कुमार ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पदभार संभाला, जनवरी 2029 तक रहेगा कार्यकाल

एजेंसी, नई दिल्ली। नवनियुक्त मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बुधवार सुबह 26वें चीफ इलेक्शन कमिश्नर (सीईसी) का पदभार संभाल लिया। इससे पहले उन्हें सोमवार को नया मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया था। मुख्य चुनाव आयुक्त रहे राजीव कुमार 18 फरवरी को सेवानिवृत्त हुए थे। आज सुबह पदभार संभालने के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि राष्ट्रसेवा के लिए पहला कदम मतदान है। भारत का हर नागरिक, जो 18 साल की आयु पूरी कर चुके हों, उन्हें मतदान जरूर करना चाहिए। 1988 बैच के आईएएस अधिकारी ज्ञानेश कुमार निर्वाचन आयोग के सदस्यों की नियुक्ति के नए कानून के तहत नियुक्त होने वाले पहले मुख्य चुनाव आयुक्त हैं। उनका कार्यकाल 26 जनवरी, 2029 तक रहेगा। ज्ञानेश कुमार के चार साल के कार्यकाल में 20 राज्यों और 1 एक केंद्रशासित प्रदेश (पुडुचेरी) में चुनाव होंगे। शुरुआत बिहार विधानसभा चुनाव से होगी और अंतिम चुनाव मिजोरम में होगा।

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर : परकोटे के हनुमान मंदिर के शिखर का कार्य प्रारम्भ

एजेंसी, अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। बुधवार को मन्दिर के परकोटे में बन रहे हनुमानजी के मन्दिर के शिखर की पहली परत का विधिवत पूजा पाठ के साथ निर्माण प्रारम्भ हो गया। इस अवसर पर निर्माण से जुड़े श्रमिक, कार्यकर्ता उपस्थित रहे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट मंदिर निर्माण को लेकर सघन समीक्षा कर रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र संवाद केन्द्र ने बताया कि मंदिर में श्रद्धालुओं की प्रतिदिन की व्यवस्थाओं के मध्य निर्माण की निरन्तरता चुनौतीपूर्ण है, किन्तु समय सीमा में पूर्णता के लिए लगातार निर्माण चलना आवश्यक हो गया है।

नई दिल्ली स्टेशन पर भगदड़ मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने रेलवे को नोटिस जारी किया

एजेंसी, नई दिल्ली

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात हुई भगदड़ का मामला दिल्ली हाई कोर्ट पहुंच गया है। चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय की अध्यक्षता वाली बेंच ने रेलवे कंपार्टमेंट के अंदर अधिकतम यात्रियों और प्लेटफार्म टिकट बेचने की संख्या तय करने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए रेलवे को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 26 मार्च को होगी। हाई कोर्ट ने रेलवे से कहा कि आप अधिकतम यात्रियों और प्लेटफार्म टिकट की बिक्री तय करने पर विचार करें। कोर्ट ने रेलवे को निर्देश दिया कि वे ऐसी भगदड़ से निपटने के लिए उठाए गए कदमों से अवगत कराएं। सुनवाई के दौरान रेलवे की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि इसे एक प्रतिकूल तरीके से नहीं लिया जाए, रेलवे नियमों का पालन करने के लिए बाध्य है। सुनवाई के दौरान मेहता ने कहा कि हादसे के दिन अप्रत्याशित स्थिति पैदा हो गई थी। उन्होंने कोर्ट को भरोसा दिया कि याचिका में उठाए गए सवालों पर रेलवे उच्च स्तर पर विचार करेगा। तब कोर्ट ने कहा कि याचिका केवल हालिया भगदड़ से जुड़ी हुई नहीं है, बल्कि रेलवे कंपार्टमेंट के अंदर यात्रियों की अधिकतम संख्या और प्लेटफार्म टिकट के कानूनी प्रावधानों से जुड़ी हुई है।

देश की प्रगति के लिए गांवों का विकास जरूरी

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को अफ्रीकी-एशियाई ग्रामीण विकास संगठन (एएआरडीओ) की कार्यकारी समिति के 77वें सत्र के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत विश्व बंधुत्व में विश्वास करने वाला देश है। हम सभी प्राणियों में सद्भाव एवं विश्व कल्याण की भावना रखते हैं। भारत वसुधैव कुटुम्बकम में विश्वास करता है, यह हमें अपने घरों व अपने समुदाय, अपने देशों, अपने ब्रह्मांड से दूर जाने और पूरे ब्रह्मांड को एक परिवार के रूप में मानने के लिए कहता है। हमारे ऋषियों ने भी कहा है कि केवल हम ही नहीं बल्कि सब सुखी, निरोग व सबका मंगल हो और सबका कल्याण हो, इसी भाव को मोदी सरकार अपनी धरती पर उतारने की कोशिश कर रही है। ललित होटल में आयोजित सत्र में चौहान ने कहा कि दुनिया का बहुत बड़ा हिस्सा अभी भी गांवों में बसता है। भारत में भी बहुत बड़ा हिस्सा गांवों में ही बसता है। जब तक गांवों की प्रगति नहीं होगी तब तक किसी भी देश की प्रगति नहीं हो सकती। कार्यकारी समिति की बैठक का 77वां सत्र निश्चित रूप से आगामी मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के लिए आधार बनेगा, जब एएआरडीओ अपने विविध कार्यक्रमों का विश्लेषण करेगा। एक और महत्वाकांक्षी त्रिवर्षीय अवधि 2025-2027 पर विचार करेगा जिसमें एएआरडीओ के कार्यनीतिक ढांचे का व्यापक मध्यावधि मूल्यांकन और समीक्षा शामिल होगी। चौहान ने बताया कि लखपति दीदी पहल ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाकर उनके उत्थान के लिए हमारी सरकार के प्रयासों की आधारशिला है। इस पहल के तहत हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि स्वयं सहायता समूहों की दीदीयां स्थायी आजीविका के माध्यम से प्रति वर्ष कम से कम एक लाख रुपये कमाएं। हमारी सरकार ने 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है जिसमें से अब तक 1.15 करोड़ लखपति दीदी बन चुकी है। हमारी लखपति दीदीयां, सिर्फ आय ही नहीं कमा रही हैं, वे अपने परिवारों और समुदायों की प्रगति में प्रभावी भूमिका भी निभा रही हैं।

पोप फ्रांसिस के दोनों फेफड़ों में गंभीर निमोनिया, पूरी दुनिया में प्रार्थना का दौर जारी

एजेंसी, वेटिकन सिटी।

कैथोलिक चर्च के प्रमुख पोप फ्रांसिस (88) के दोनों फेफड़ों में गंभीर निमोनिया हुआ है, इसकारण उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। वेटिकन के अधिकारियों ने बताया कि वे पिछले एक हफ्ते से फेफड़ों के संक्रमण से जूझ रहे हैं और उन्हें शुक्रवार को रोम के एक अस्पताल में भर्ती किया गया। सूत्रों के मुताबिक, पोप फ्रांसिस को तेज बुखार और सांस लेने में तकलीफ के बाद अस्पताल ले जाया गया था। डॉक्टरों की एक विशेष टीम उनकी सेहत पर लगातार नजर रख रही है। फिलहाल, उनका इलाज एंटीबायोटिक्स और ऑक्सीजन थैरेपी के जरिए किया जा रहा है।

ट्रम्प का एक और कड़ा फैसला: बाइडेन युग के सभी अटॉर्नी को बर्खास्त करने का आदेश

एजेंसी, वॉशिंगटन

सत्ता संभालते ही एक के बाद एक सख्त फैसले कर रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बाइडेन प्रशासन के सभी अटॉर्नी को लेकर एक और बड़ा आदेश जारी किया है। ट्रम्प ने अपने ताजा आदेश में बाइडेन प्रशासन के सभी अटॉर्नी को बर्खास्त करने का निर्देश देकर खलबली मचा दी है। ट्रम्प ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दी है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा- "पिछले चार वर्षों में न्याय विभाग का जितना राजनीतिकरण हुआ है उतना कभी नहीं हुआ। इसलिए सभी बचे हुए 'बाइडेन युग' के अमेरिकी अटॉर्नी को बर्खास्त करने का निर्देश दिया गया है। हमें तुरंत 'सफाई' करनी चाहिए और विश्वास बहाली के लिए काम करना चाहिए। अमेरिका के स्वर्ण युग में एक निष्पक्ष न्याय प्रणाली होनी चाहिए- जिसकी शुरुआत आज से हो रही है।" ट्रम्प के सत्ता संभालने के बाद से ही अमेरिकी न्याय विभाग निशाने पर रहा है। कई अटॉर्नी पहले ही पद छोड़ चुके हैं। कई अटॉर्नी ने सोमवार को भी पद छोड़ने का एलान किया। ट्रम्प ने राष्ट्रपति के चुनाव प्रचार के दौरान आरोप लगाए थे कि बाइडेन प्रशासन उनके खिलाफ न्याय विभाग को हथियार बनाकर काम कर रहा है। बाइडन प्रशासन में ट्रम्प के खिलाफ कई मामले दर्ज किए गए और जिन अटॉर्नी ने ट्रम्प के खिलाफ सुनवाई में हिस्सा लिया और ट्रम्प के खिलाफ जांच की, उन को ट्रम्प पहले ही न्याय विभाग से हटा चुके हैं। अमेरिका के न्याय विभाग में राष्ट्रपति बदलने के बाद अटॉर्नी पद छोड़ने की एक परंपरा है जिसमें सामान्य तौर पर नया प्रशासन अटॉर्नी से इस्तीफा मांगता है, लेकिन इस बार ट्रम्प ने इसे बदलते हुए अटॉर्नी को बर्खास्त करने का आदेश दे दिया।

नेपाल के प्रजातंत्र दिवस पर पूर्व राजा की चेतावनी, कहा- मेरी खामोशी को कमजोरी समझना भूल होगी

एजेंसी, काठमांडू

नेपाल में बुधवार को प्रजातंत्र दिवस मनाया जा रहा है। पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह ने देशवासियों के नाम एक वीडियो संदेश जारी करते हुए वर्तमान राजनीतिक दलों को चेतावनी दी है कि उनकी खामोशी को कमजोरी समझने की कोशिश ना की जाए। पूर्व राजा ने देश के विकास और प्रगति के लिए आम नेपाली जनता से समर्थन देने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा है कि 'राष्ट्र की रक्षा और राष्ट्रीय एकता बनाए रखने' के लिए वो हमेशा ही प्रतिबद्ध हैं, लेकिन उनकी अभिव्यक्ति पर भी अंकुश लगाने की बात हो रही है, जो प्रजातंत्र के लिए सही नहीं है। पूर्व राजा शाह ने 10 मिनट 27 सेकेंड के वीडियो संदेश में कहा है कि अपने पूर्वजों की तरह राष्ट्रीय समस्याओं के समाधान के लिए बलिदान देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि देश की जनता की खातिर उन्होंने राजमहल छोड़ा, अपनी सभी सुख सुविधाओं का त्याग किया है और देश की जनता के लिए इस तरह के त्याग करने के लिए वो आज भी तैयार हैं। पूर्व राजा शाह ने अपने संदेश में कहा है कि "बलिदान से कोई छोटा नहीं हो जाता और ऐसी भावना को किसी की कमजोरी नहीं समझनी चाहिए। उन्होंने सभी देशवासियों से देश के विकास और प्रगति के लिए साथ देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश के लिए हमारी निष्ठा और समर्पण सदैव रहेगा। राष्ट्र की रक्षा के लिए सभी को अनुशासन और ईमानदारी से प्रयास करने चाहिए। उन्होंने यह शिकायत भी की कि लोकतंत्र आज के युग में शासन का सर्वोत्तम रूप होना चाहिए, यह सामान्य ज्ञान और राय के आधार पर देश के कानूनों, नियमों और मानदंडों के आधार पर राज्य चलाने का सार्वभौमिक आदर्श होना चाहिए, लेकिन नेपाल में ऐसा नहीं हो रहा है।

महाकुम्भ: भारत भक्ति और संस्कृति की भूमि, हम फिर से विश्वगुरु बनेंगे: मांझी



एजेंसी, महाकुम्भ नगर। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि महाकुम्भ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और राजनीति के अद्भुत मेल का भी गवाह बन रहा है। भारत भक्ति और संस्कृति की भूमि है, जिसे विश्वगुरु कहा जाता था।महाकुम्भ आस्था का प्रतीक है। कुछ लोग हमारी आस्था में बाधाएं डालने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन करोड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति यह साबित करती है कि भारतीय संस्कृति अडिग और अमर है। यह बात उन्होंने बुधवार को महाकुम्भ में कही। उन्होंने इस दौरान त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। महाकुम्भ स्नान के बाद जीतन राम मांझी ने सोशल मीडिया एक्स पर लालू प्रसाद यादव और ममता बनर्जी पर तंज भी कसा। उन्होंने लिखा कि लीजिए भाई, हमने भी कुम्भ स्नान कर लिया। अब यदि किसी को पेट में दर्द हो रहा होगा तो हम उनका कुछ नहीं कर सकते। वैसे लालू प्रसाद यादव एवं ममता दीदी को कुछ ज़्यादा ही समस्या होगी। उनके इस पोस्ट के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। माना जा रहा है कि उन्होंने अपने इस बयान के जरिए विपक्ष पर सीधा हमला बोला है।

हमारे लिए छत्रपति शिवाजी महाराज आराध्य देव हैं

एजेंसी, नई दिल्ली

मराठा साम्राज्य के संस्थापक और शौर्य का पर्याय छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें नमन किया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर वीडियो पोस्ट कर मराठा शूरवीर के मूल्यों को प्रेरणा का स्रोत बताया। पीएम मोदी ने वीडियो में कहा, मेरे लिए छत्रपति शिवाजी महाराज, ये सिर्फ नाम नहीं है, ये शब्द राजा महाराजा, राजपुरुष मात्र नहीं है। हमारे लिए छत्रपति शिवाजी महाराज आराध्य देव हैं। हमारे लिए हमारे आराध्य देव से बड़ा कुछ नहीं होता है।

पीएम मोदी ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा, मैं छत्रपति शिवाजी महाराज को उनकी जयंती पर नमन करता हूं। उनकी वीरता और दूरदर्शी नेतृत्व ने स्वराज्य की नींव रखी, तथा कई पीढ़ियों को साहस और न्याय के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। वे हमें एक सशक्त, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत बनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वीडियो में पीएम मोदी छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति पर माल्यार्पण और पुष्पार्पण करते दिख रहे हैं।छत्रपति शिवाजी महाराज की वीरता, विचारधारा और न्यायप्रियता ने कई पीढ़ियों को प्रेरित किया। उनकी साहसिक कार्यशैली, सामरिक कौशल और शांतिपूर्ण राजनीतिक प्रणाली आज भी हमारे लिए प्रेरणास्रोत है। हमें इस बात का गर्व है कि दुनिया के कई देशों में आज भी छत्रपति शिवाजी महाराज की नीतियों की चर्चा होती है और उस पर शोध होता है। इतने वर्ष बाद भी उनके द्वारा स्थापित किए गए मूल्य हमें आगे बढ़ने का मार्ग दिखा रहे हैं। इन्हीं मूल्यों के आधार पर हमें अमृत काल की पच्चीस वर्षों की यात्रा पूरी करनी है। यह यात्रा होगी छत्रपति शिवाजी महाराज के सपनों का भारत बनाने में। यह यात्रा होगी स्वराज, सुशासन और आत्मनिर्भरता की। यह यात्रा होगी विकसित भारत की। मैं छत्रपति शिवाजी महाराज के चरणों में कोटि कोटि नमन करता हूं।

हर खबर पर पैनी नजर
नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

मुख्यमंत्री ने रोहतास जिले को दी 1378 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात, 1220 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के क्रम में उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, बेलाड़ी परिसर से रोहतास जिला के लिये 1378.46 करोड़ रुपये की कुल 1220 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया, इसमें 1110.23 करोड़ रुपये 1971 योजनाओं का शिलान्यास और 258 268.22 करोड़ रुपये की 249 योजनाओं का उद्घाटन शामिल है। प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने रोहतास जिला अंतर्गत चेनारी प्रखंड में 4973.33 लाख रुपये की लागत से करमचट इको टूरिज्म एन्ड एडवेंचर हब योजना, ग्राम बादलगढ़ में 271.16 लाख रुपये की लागत से बोट हाउस कैंप योजना एवं दिनारा प्रखंड में 1489.33 लाख रुपये की लागत से भलुनी धाम इको पार्क योजना का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया। अधिकारियों ने साइट प्लान और मॉडल के माध्यम से शिलान्यास किए गए इन योजनाओं के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने दुर्गावती इको टूरिज्म एन्ड एडवेंचर हब के शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान हॉट एयर बैलून बैलून तथा आदिवासी जनजाति विकास समिति द्वारा साल के पत्तों से दोना एवं प्लेट के निर्माण प्रक्रिया का शुभारंभ किया। महुआ आधारित मिठाई निर्माण प्रक्रिया का भी मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। मुख्यमंत्री के समक्ष रोहतास जिले के विकास पर आधारित लघु वृत्तचित्र 'रोहतास ट्रांस्फॉरमेशन जर्नी प्रदर्शित की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ने लाभुकों को मुख्यमंत्री निजी अन्य प्रजाति पौधशाला प्रोत्साहन राशि हेतु 3 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। स्थानीय महिलाओं ने पारम्परिक नृत्य एवं स्वागत गीत गाकर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने चेनारी प्रखंड के मलहीपुर पंचायत में ग्राम पंचायत भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने आकटी०पी०एस० काउंटर, पुस्तकालय, डाकघर, संवाद कक्ष एवं सुधा मिल्क पॉर्लर का शुभारंभ किया। जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत सौंदर्गीकृत कराए गए तालाब एवं पंचायत सरकार भवन परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने मनहीपुर ग्राम का भ्रमण कर कराए गए विकास कार्यों का निरीक्षण किया, इस दौरान स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं से भी अवगत हुए। मलहीपुर पंचायत में निर्मित कराए गए बैंडमिंटन कोर्ट का मुख्यमंत्री ने जायजा लिया इस दौरान खिलाड़ियों को खेल किट प्रदान किया। विभिन्न विभागों एवं जीविका दीदियों द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने सतत् जीविकोपार्जन योजना के 2121 लाभार्थियों को परिसंपत्ति सूजन हेतु 10.85 करोड़ रुपये का आर्थिक सहयोग का सांकेतिक चेक, अभियान बसेरा अंतर्गत सुयोग्य श्रेणी के लाभुकों को सरकारी भूमि की बंदोबस्ती प्रमाणपत्र, सतत् जीविकोपार्जन योजना के तहत बकरी फार्म हातस की चाबी, सतत् जीविकोपार्जन योजना (शहरी) अंतर्गत डिटर्जेंट मेकिंग यूनिट की चाबी, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की चाबी, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का सांकेतिका चेक प्रदान किया। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना के तहत ट्राई साइकिल की चाबी, मुख्यमंत्री अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना, मुस्लिम तलाकशुदा / परित्यक्ता / परित्याक्ता महिर महिलाओं हेतु सहायता योजना, जीविका स्वयं सहायता समूह मलहीपुर के लाभुकों को सांकेतिक चेक प्रदान किया। स्टॉल अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से बातचीत करते हुए कहा कि पूरे बिहार में आप सभी जीविका दीदियां काफी अच्छा काम कर रही है। जब हम केंद्र में मंत्री थे तो कई जगहों पर जाकर स्वयं सहायता समूह के कार्यों को देखे थे। बिहार में स्वयं सहायता समूहों की संख्या बहुत कम थी। वर्ष 2005 में जब बिहार में हमलोगों की सरकार बनी तब हमलोगों ने स्वयं सहायता समूहों का विस्तार करने का निर्णय लिया। इसके लिये वर्ष 2006 में विश्व बैंक से कर्ज लेकर पूरे बिहार में स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाने की विशा में काम शुरू किया गया। हमने ही स्वयं सहायता समूह का नाम जीविका किया और इससे जुड़नेवाली महिलाओं को जीविका दीदी कहा। उस समय की केंद्र सरकार ने हमलोगों के इस कार्य से प्रेरित होकर देशभर में आजीविका नाम से इस योजना को शुरू किया। हम बिहार में जहां कहीं भी जाते हैं जीविका दीदियों से जरूर मिलते हैं। बिहार में अब तक कुल 1 करोड़ 35 लाख से अधिक जीविका दीदियां स्वयं सहायता से जुड़ चुकी हैं। अब हमलोग बिहार के शहरी क्षेत्रों में भी जीविका समूह का गठन करा रहे हैं। अब तक साढे तीन लाख से अधिक जीविका दीदियों की संख्या शहरी क्षेत्रों में हो गई है। आपलोगों को हर प्रकार से सरकर मदद पहुंचा रही है। आपकी जो भी समस्याएं होती है उनका तत्काल निराकरण किया जाता है। जिलाधिकारी को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जीविका दीदियों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो, हम चाहते इनके कार्यों का और अधिक विस्तार हो। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री ने रोहतास जिला अंतर्गत मलहीपुर में पंचायत सरकार भवन के समीप 9.90 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिवा पशु पशु शेड, बैडमिंटन कोर्ट, 9.98 लाख रुपये की लागत से निर्मित खेल मैदान तथा 9.80 लाख रुपये की लागत से निर्मित तालाब का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने सामुदायिक पशु रोड का निरीक्षण कर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने सतत् जीविकोपार्जन योजना के 321 लाभार्थियों को डेयरी उद्यम के लिए 1.8 करोड़ रुपये के आर्थिक सहयोग का सांकेतिक चेक, देशी गौ पालन प्रोत्साहन योजना का सांकेतिक चेक लाभुकों को प्रदान किया। जीविका दीदियों द्वारा संचालित भी प्रसंस्करण इकाई का भी मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने संझौली प्रखंड के ग्राम बाजितपुर में कॉव नदी पर प्रस्तावित पुल के निर्माण का स्थल निरीक्षण किया। बिक्रमगंज प्रखंड के ग्राम घुसियोंखुर्द में इंटीग्रेटेड फार्मिंग एवं उत्कर्ष बायोफ्यूल प्लांट का मुख्यमंत्री ने भ्रमण कर अधिकारियों को आवश्यक विशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने रोहतास जिला अंतर्गत नवनिर्मित जिला पंचायत संसाधन केंद्र, सासाराम के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। इसकी प्राक्कलित राशि 600 लाख रुपये है। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने जिला पंचायत संस संसाधन केंद्र, सासाराम का निरीक्षण कर वीडियो कॉन्टिंग कक्ष, प्रशिक्षण कक्ष आदि में उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का जायजा लिया। उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, बेलाड़ी के परिसर में रोहतास जिला अंतर्गत विकास योजनाओं का रिमोट के माध्यम से मुख्यमंत्री ने उद्द्घाटन एवं शिलान्यास किया। विद्यालय प्रांगण में आत्मरक्षा हेतु जुडो कराटे की प्रशिक्षण ले रही छात्राओं से मुख्यमंत्री ने बातचीत करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय के परिसर में स्थापित 3 डी लैब (सौर्यमंडल) (सौर्यमंडल) का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। राजकीय मध्य विद्यालय बेलाड़ी के छात्र-छात्राओं द्वारा भारत के अंतरिक्ष उड़ान पर आधारित बनाए गए प्रोजेक्ट से संबंधित स्टॉल का भी मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने डिस्ट्रीक्ट पंचायत रिसोर्स सेंटर (बी०पी०आर०सी०), बेदा (साताराम) में प्लस 2 बेलाड़ी उच्च विद्यालय के नवनिर्मित प्रयोगशाला का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्वात् प्रयोगशाला का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के संबंध में भी मुख्यमंत्री ने जानकारी ली। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री सह रोहतास जिला के प्रभारी मंत्री श्री जयन्त राज, अल्पसंख्खाक कल्याण मंत्री श्री जमा खान, अम संसाधन मंत्री श्री संतोष कुमार सिंह, विधायक श्री मुरारी प्रसाद गौतम, विधान पार्षद श्री जीवन कुमार, विधान पार्षद श्रीमती निवेदिता सिंह, पूर्व मंत्री श्री जय कुमार सिंह, पूर्व विधायक श्री वशिष्ठ सिंह, पूर्व विधायक श्री सत्यनारायण यादव, पूर्व विधायक श्री ललन पासवान, विकास आयुक्त श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय श्री कुंदन कृष्णन्, परिवहन विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की सचिव श्रीमती बंदना प्रेयसी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, जिलाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री रौशन कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान रोहतास जिले में लोगों की मांगों को लेकर किए कई महत्वपूर्ण घोषणायें

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान रोहतास जिले में लोगों की मांगों को लेकर किए कई महत्वपूर्ण घोषणायें। उहोंने इस की जानकारी देते हुए कह कि हम लोगों ने रोहतास जिले में विकास का काफी काम भी जो कुछ छूट गया है या कमी रह गयी है उसे पूरा किया जायेगा। रोहतास प्रखंड अन्तर्गत रेहल से रोहतासगढ़ किला होते हुए चौरासन मंदिर तक पथ का निर्माण किया जायेगा। इससे देशी एवं विदेशी पर्यटकों को सुविधा होगी। साथ ही लोगों के आर्थिक विकास में गति आयेगी। संझौली प्रखंड में वाजिदपुर में कॉव नदी पर पुल का निर्माण किया जायेगा। इससे वाजीतपुर, चरपुखा, छलकार एवं चवरीया गांव के लोगों को सुविधा होगी तथा इनका अनुमंडल मुख्यालय से दुरी लगभग 71 कि०मी० कम हो जायेगी। वर्तमान में इनको प्रखंड मुख्यालय जाने के लिए नाव का उपयोग करना पड़ता है। कुदरा-चेनारी-मल्हीपुर पथ का चौड़ीकरण किया जायेगा। इससे ट्रैफिक जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी करगहर-बड़हरी-धर्मपुरा पथ का जीर्णोद्धार एवं चौड़ीकरण किया जायेगा। सड़क की काफी जर्जर है। इससे बड़ी आबादी को सुगम आवागमन

की सुविधा प्राप्त होगी। बरांव-जहानाबाद पथ का जीर्णोद्धार एवं चौड़ीकरण किया जायेगा। सड़क की काफी जर्जर है। इससे बड़ी आबादी को सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। इन्द्रपुरी जलाशय के पास पर्यटन हाट का निर्माण किया जायेगा। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। डेहरी में औद्योगिक क्षेत्र का विकास किया जायेगा। इससे उद्योगों को बढावा मिलेगा तथा लोगों को रोजगार मिलेगा। कोचस में पुराने बस स्टैंड की जगह नये बड़े बस स्टैंड का निर्माण किया जायेगा। पुराना बस स्टैंड में जगह की कमी है जिसके कारण पर्याप्त नागरिक सुविधा उपलब्ध नहीं है। नये बस स्टैंड का निर्माण आवश्यक है। पुरानी जी०टी० रोड से बबुरा मेन कैनाल पथ का जीर्णोद्धार एवं चौड़ीकरण किया जायेगा। इससे लोगों को आवागमन में सुविधा होगी एवं जाम की समस्या से निजात मिलेगी। नोखा-नासरीगंज पथ में सोन नहर पर उच्च स्तरीय RCC पुल का निर्माण किया जायेगा। इससे लोगों को आवागमन में सुविधा होगी एवं जाम की समस्या से निजात मिलेगी। डिहरी-अकोढ़ीगोला-तेतराढ़-राजपुर पथ एवं आयरकोठा-अकोढ़ीगोला अमरातलाब पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण किया जायेगा। साथ ही आयरकोठा-अकोढ़ीगोला-अमरातलाब पथ पर अकोढ़ीगोला बाईपास का निर्माण किया जायेगा। इससे लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी एवं जाम की समस्या से निजात मिलेगी। रोहतास जिले में करगहर, डिहरी, दावथ, दिनारा, नासरीगंज, नोखा, नौहट्टा, सूर्यपुरा, शिवसागर एवं चेनारी कुल 10 प्रखंडों में नये प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन तथा काराकाट एवं तिलौथू कुल 02 प्रखंडों में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय-सह आवासीय परिसर का निर्माण कराया जायेगा। रोहतास जिले के कोचस में आरा-मोहनियाँ पथ पर बाईपास का निर्माण कराया जायेगा। इससे लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी।

संक्षिप्त समाचार

निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक प्रमुख खाद्य हब के निर्माण पर विचार : चिराग पासवान

पटना। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने दुबई में अबू धाबी फूड हब के साथ उत्पादों के प्रदर्शन, बाजार संपर्क बढ़ाने और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक प्रमुख खाद्य हब के निर्माण पर विचार हुआ। यह पहल भारत की वैश्विक खाद्य आपूर्ति श्रृंखलाओं में मजबूत उपस्थिति सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है और रणनीतिक साझेदारियों के माध्यम से वैश्विक खाद्य व्यापार को मजबूती देने में सहायक होगी। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दी।

भाजपा एनआरआई सेल की ओर से निःशुल्क 4 बस श्रद्धालुओं का जत्थे को भेजा गया प्रयागराज

» प्रदेश संगठन मंत्री भीखूभाई दलसानिया, पूर्व डिप्टी सीएम रेणु देवी, मनीष सिन्हा ने दिखाई हरी झंडी

पटना। चलो कुम्भ चले! आह्वान के तहत बीजेपी एनआरआई सेल के तत्वावधान में बुधवार को राजधानी पटना के शहरी क्षेत्र से करीब 200 श्रद्धालुओं का जत्था 4 निःशुल्क बसों समेत कई गाड़ियों में सवार होकर वीरचंद पटेल स्थित बीजेपी कार्यालय से प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए रवाना हो गया। प्रदेश संगठन मंत्री भीखूभाई दलसानिया, पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु, एनआरआई सेल के संयोजक मनीष सिन्हा समेत वरिष्ठ पार्टी अधिकारियों के उपस्थिति में श्रद्धालुओं के जत्थे को रवाना गया। मौके पर श्रद्धालुओं ने जय कुंभ, हर हर महादेव, जय मां गंगे के नारे भी लगाये। बीजेपी एनआरआई सेल के संयोजक मनीष सिन्हा ने बताया कि पूरे देश-विदेश से लोग कुंभ स्नान करने जा रहे हैं। इसमें करोड़ों लोगों की आस्था है। जो श्रद्धालु आर्थिक रुप से कमजोर हैं, उनके के लिए ये व्यवस्था की गई है ताकि वे प्रयागराज में अमृत स्नान कर पुण्य के भागी बनें। कुंभ में स्नान कर उन्हें अभुतपूर्व अनुभूति होगी। श्रद्धालुओं के लिए रास्ते में नाश्ता-पानी और प्रयागराज टेंट सिटी में रहने की निःशुल्क व्यवस्था भी की गई है।वहीं, श्रद्धालुओं ने बीजेपी एनआरआई सेल के पहल की तारीफ करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी का धन्यवाद जताया है।

सीएम नीतीश के दनादन विकास कार्यों से विपक्ष किंकर्तव्यविमूढ़ : नवल शर्मा

पटना। जदयू प्रवक्ता नवल शर्मा ने कहा कि सीएम नीतीश के दनादन विकास कार्यों से तेजस्वी यादव समेत पूरा विपक्ष किंकर्तव्यविमूढ़ता का शिकार हो गया है । बिहार को देश के विकसित राज्यों में शीर्ष पर पहुंचाने के नीतीश कुमार के जुनून ने विपक्ष को मायूस कर दिया है । उन्हें समझ में नहीं आ रहा कि क्या करें, सरकार को कैसे घेरें। जबरदस्ती ढूंढ कर लाए जा रहे मुद्दे जल्द दम तोड़ दे रहे, साथ नहीं दे रहे । बीपीएससी से लेकर लॉ एंड ऑर्डर तक सारे बनावटी मुद्दे धाराशाई हो गए । तो एक ओर मुद्दों का अकाल, दूसरी ओर सीएम नीतीश के कद के ईमानदार और विकासवादी चेहरे का अभाव। चुनावी वैतरणी में विपक्ष का डूबना तय है। लोग इस बात को देख और समझ रहे कि नीतीश कुमार बिहार के भविष्य को संवारने के लिए कैसे दिन रात एक किए हुए हैं, छोटे छोटे विकासकार्यों की भी कितनी बारीक समीक्षा कर रहे हैं। पर विपक्ष अभी भी नब्बे के दशक वाली राजनीतिक गोटी सजाने में व्यस्त है।

पटना में कुर्मी एकता रैली: समाज की एकजुटता और सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर पटना के मिलर हाई स्कूल मैदान में कुर्मी एकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें रिकॉर्ड संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य कुर्मी समाज की एकजुटता को मजबूत करना और समाज की विभिन्न मांगों को सरकार के समक्ष प्रस्तुत करना था।

रैली का आयोजन और प्रमुख योगदानकर्ता–इस रैली का आयोजन 29 कुर्मी संगठनों के संयुक्त प्रयास से किया गया था। अमनौर विधायक कृष्ण कुमार उर्फ़ मंटू सिंह पटेल ने इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा, डॉ. जितेंद्र जीत का भी रैली की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान रहा। रैली की तैयारी के लिए, मंटू सिंह पटेल ने विभिन्न जिलों का दौरा किया और समाज के लोगों को रैली में शामिल होने

का निमंत्रण दिया। उन्होंने वैशाली, बेलसर, गोरौल प्रखंड के कई गांवों में जाकर कुर्मी समुदाय के लोगों से मुलाकात की और उन्हें रैली में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य मांगें और मुद्दे–

रैली में कुर्मी समाज की विभिन्न मांगों को प्रमुखता से उठाया गया, जिनमें शामिल हैं:

राजनीतिक प्रतिनिधित्व में वृद्धि: विधानसभा और लोकसभा में कुर्मी समाज के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने की मांग की गई।

शैक्षिक सुविधाओं का विस्तार: प्रत्येक जिला मुख्यालय में पटेल छात्रावास का निर्माण और सरदार पटेल महाविद्यालय, भभुआ स्थित सरदार पटेल छात्रावास का पुनर्निर्माण।

सांस्कृतिक प्रतीकों की स्थापना: पटना के दीघा गोलंबर पर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा की स्थापना और वीरचंद पटेल पथ पर वीरचंद पटेल की मूर्ति स्थापित करने की मांग।

शैक्षिक संसाधनों का विकास: प्रत्येक गांव में पुस्तकालय की स्थापना, ताकि समाज के स्वर्णिम इतिहास को युवा पीढ़ी तक पहुंचाया जा सके और शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाई जा सके।

राजनीतिक प्रभाव और भविष्य की दिशा–राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस रैली का आगामी बिहार विधानसभा चुनावों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि कुर्मी समाज राज्य की राजनीति में एक महत्वपूर्ण वोट बैंक माना जाता है। इस आयोजन के माध्यम से, मंटू सिंह पटेल ने न केवल अपने समाज की मांगों को प्रमुखता से उठाया, बल्कि अपनी नेतृत्व क्षमता को भी प्रदर्शित किया है, जिससे उनकी राजनीतिक स्थिति और मजबूत हुई है। रैली के दौरान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समर्थन में नारे भी लगाए गए, जिससे यह संकेत मिलता है कि समाज के एक बड़े हिस्से का समर्थन उनके साथ है। इस रैली ने कुर्मी समाज की एकजुटता और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जिससे समाज के विकास और अधिकारों की रक्षा के लिए एक मजबूत मंच प्रदान हुआ है।

लालू जी के लिए 'भारत रत्न' की मांग कर अवार्ड को अपमानित न करें तेजस्वी :प्रभाकर

नई सोच एक्सप्रेस

» लालू को 'भारत रत्न' नहीं, करप्शन के लिए मिलना चाहिए अवार्ड
» परिवार से कभी ऊपर नहीं उठ सकते तेजस्वी

पटना। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि तेजस्वी यादव की सोच अपने परिवार से बाहर नहीं निकल सकती। लालू जी ने राजनीति में परिवारवाद की जो लकीर खींची है, तेजस्वी उस लकीर को और बढ़ाने कोशिश में जुटे हैं। श्री मिश्र ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि तेजस्वी यादव ने अपने पिता के लिए भारत रत्न की मांग कर अपनी परिवारवादी मानसिकता को उजागर किया है। सही मायने में लालू प्रसाद जी को भारत रत्न नहीं बल्कि यूपीए की सरकार में भ्रष्टाचार के लिए 'भ्रष्टाचार शिरोमणि' पुरस्कार से नवाजा जाना चाहिए था। क्योंकि लालू प्रसाद ने जो भ्रष्टाचार किया है, वह किसी कीर्तिमान से कम नहीं है। श्री मिश्र ने कहा कि लालू प्रसाद जी महाकुंभ को 'फालतू' कहकर यह भी बता दिया है कि न तो सनातन के प्रति उनके मन में कोई श्रद्धा है और न ही सनातनियों से कोई लगाव। अपने राजनीतिक जीवन में लालू जी ने भ्रष्टाचार और परिवारवाद के अलावा कुछ और नहीं किया। ऐसे व्यक्ति के लिए भारत रत्न की मांग कर तेजस्वी पूरे सनातन धर्म का अपमान कर रहे हैं। श्री मिश्र ने कहा कि तेजस्वी यादव को चाहिए कि वे 'भ्रष्टाचार रत्न' के नाम से नया पुरस्कार शुरू करें और उस पुरस्कार से सबसे पहले अपने पिता को नवाजें। इससे बाद उनके परिवार और सहयोगी, जिनका भ्रष्टाचार में बड़ा योगदान रहा है, उन्हें 'भ्रष्टाचार रत्न' से सम्मानित करें।

नीतीश कुमार एक व्यक्ति नहीं विचारधारा : मंटू पटेल

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के मौके पर मिलर स्कूल में पटेल छात्रावास निर्माण ट्रस्ट के द्वारा कुर्मी एकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में हजारों की संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। कुर्मी एकता रैली के संयोजक अमनौर विधायक कृष्ण कुमार मंटू पटेल ने कहा कि कुर्मी समाज के 30 संगठनों ने आज मिलकर कुर्मी एकता रैली का आयोजन किया। अमनौर विधायक कृष्ण कुमार मंटू पटेल ने कहा कि इस रैली का उद्देश्य कुर्मी उपजातियों में बढ़ रही दूरी को पाट कर कुर्मी समाज का विधान सभा और लोक सभा में प्रतिनिधित्व को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि कुर्मी समाज एक क्रांतिकारी समाज रहा है, जब कभी देश के लिए कुबार्नी की जरूरत पड़ी तब इस समाज के वीर बांकुड़ों ने अपनी कुबार्नी दी है। आज बिहार के हरेक जिÞला में पटेल छात्रावास बनाने का काम हो रहा है। कुर्मी समाज को अपने बच्चों को पढ़ाने का काम करना होगा,शिक्षा की भूख जगानी होगी। शिक्षा के माध्यम से आपका ताज और राज दोनों बचा कर एक मजबूत समाज और राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। मंटू पटेल ने कहा कि कुर्मी मतलब एकता है। आज सदन में हमारा प्रतिनिधित्व कम हो रहा है जो हमारे लिए चिंताजनक है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमारे नेता हैं और नीतीश कुमार एक व्यक्ति नहीं विचारधारा हैं। मंटू पटेल ने कहा कि कुर्मी एकता रैली के माध्यम से अमर शहीद रामफल मंडल को शहीद का दर्जा दिलाने ,पटना गंगा पथ स्थित दीघा गोलम्बर पर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा की स्थापना

» कुर्मी एकता रैली में उपजातियों को एकजुट करने पर जोर

करना,पटना-गया-डोभी पथ का नामकरण छत्रपति शिवाजी महाराज पथ करना ,प्रत्येक जिला मुख्यालय में पटेल छात्रावास का निर्माण ,वीरचंद पटेल पथ, पटना में वीरचंद पटेल की मूर्ति की स्थापना, फणीश्वर नाथ रेणु को 'भारत रत्न' दिलाना ,निमार्णाधीन सीतामढ़ी मेडिकल कॉलेज का नाम अमर शहीद रामफल मंडल मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कराने के लिए हम सब लड़ाई लड़ेंगे। कुर्मी एकता रैली का उद्घाटन सुप्रसिद्ध डॉ. एस एन आर्या ने किया। अध्यक्षता बसंत बाबू ने किया। कुर्मी एकता रैली को डॉ राजीव रंजन, डॉ अमरेश,प्रो जितेंद्र ,सुनील ,छोटे मुखिया ,रजनीश कुमार प्रमुख फतुहा, वरुण कुमार,प्रिंस पटेल, गोलू पटेल, विकाश कुमार, प्रेम कुमार विद्यार्थी ने संबोधित किया।

नोखा क्षेत्र के विकास के लिए 7 करोड़ मुहैया कराने के लिए मुख्यमंत्री का आभार

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। प्रदेश जदयू महासचिव ओमप्रकाश सिंह सेतु ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में बुधवार को रोहतास जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करने के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया है। श्री सेतु ने कहा है कि इस दौरान मुख्यमंत्री ने जिलान्तर्गत विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 1219 योजनाएँ जिसकी कुल राशि 1369.86 करोड़ रुपए है का कुल 193 शिलापट्ट योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसमें रोहतास जिले के उनके इलाके के नोखा प्रखंड अंतर्गत राजपुर और नासरीगंज आदि प्रखंडों से संबंधित विकास कार्य शामिल हैं। इसके साथ ही, श्री सेतु ने रोहतास जिले के नोखा विधानसभा क्षेत्र के तहत शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों लिए 7 करोड़ 89 लाख रुपए की राशि मुहैया कराने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार जताया है। श्री सेतु के माताबिक मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न योजनाओं का किए गए शिलान्यास एवं उद्घाटन कार्यों से इस इलाके में विकास की गति तेज होगी और इसका लाभ क्षेत्री की जनता को होगा। श्री सेतु ने कहा है कि मुख्यमंत्री की विकास यात्रा पूरे बिहार में विकास के नए प्रतिमान गढ़ेगी। पहले भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की

» मुख्यमंत्री के विकास कार्यों ने विपक्ष में बेचैनी और हताशा : सेतु

कई योजनाएं पूरे देश में न सिर्फ कई राज्यों में बल्कि प्रदेशों में मॉडल के रूप में अपनाया गया है। मुख्यमंत्री की घोषणाओं के अनुरूप इलाके के कई स्कूल और शिक्षण संस्थान अपग्रेड होंगे और सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पुल आदि का निर्माण होगा। मुख्यमंत्री द्वारा निरंतर किए जा रहे विकास कार्यों से विपक्ष में बेचैनी और हताशा है। सीएम के विकास कार्यों पर न बोलकर विपक्ष अनर्गल बयानबाजी कर रहा है।

संक्षिप्त समाचार

दानापुर-सिकंदराबाद-दानापुर एक्सप्रेस का परिचालन20 से 28 फरवरी तक रद्द

हाजीपुर। दानापुर और सिकंदराबाद के मध्य चलायी जा रही गाड़ी सं. 12792/12791 दानापुर-सिकंदराबाद-दानापुर एक्सप्रेस का परिचालन दिनांक 20.02.2025 से 28.02.2025 तक रद्द किया जा रहा है। यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद है ।

स्कूली क्रिकेट लीग के लिए तीन और टीमें घोषित

पटना। टर्निंग प्वायंट के तत्वाधान में आयोजित होने वाली कासा पिकोला स्कूल क्रिकेट लीग अंडर-15 के पांचवें संस्करण में भाग लेने वाली तीन और टीमों की फाइनल लिस्ट जारी कर दी गई है। इसके पहले 6 टीमों की घोषणा की गई है। यह जानकारी टर्निंग प्वायंट के निदेशक सह आयोजन अध्यक्ष विजय शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि टीमों का गठन पिछले दिनों आयोजित कुल चार सेलेक्शन ट्रायल के आधार पर किया गया है। भाग लेने वाली टीमों को देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों समेत अन्य शैक्षणिक संस्थानों में द्वारा प्रायोजित किया गया है। मानव रचना लायंस टीम को मानव रचना यूनिवर्सिटी, फरीदाबाद, जीएनआईओटी ब्लास्टर टीम को ग्रेटर नॉएडा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, ग्रेटर नोएडा और आर आई टी चैंपियंस टीम को आर आई टी रुड़की, रुड़की द्वारा प्रायोजित किया गया है। टीम मानव रचना लायंस में दीपक कुमार, हर्षित सिन्हा (विकेटकीपर), आयुष्मान सिंह (विकेटकीपर), प्रत्यूष राज, श्रवण कुमार, प्रिथिवेश रंजन, आकाश कुमार, हर्षित शर्मा, युवराज, अर्चित खराडे, रोहित कुमार झा, मिहिर कुमार, अमन कुमार, आदर्श आनंद, रुद्रांश राय। जीएनआईओटी ब्लास्टर में करण कुमार, रवि कुमार (विकेटकीपर), वैभव राज, विशाल कुमार, ईशान राज श्रीवास्तव, हिमांशु कुमार, पीयूष रंजन, सौभाग्य मिश्रा, आरव शर्मा, प्रेम कुमार, स्वजीत दक्षत, अर्णव राज, आयुष्मान जैन, आशीष कुमार, उज्ज्वल कुमार। आरआईटी चैंपियंस में अनमोल तिवारी, सोहन श्रीवास्तव, अंकुश यादव, अंशु कुमार, समर प्रताप सिंह, रक्षित सिंह, विराट वैभव, प्रिंस कुमार, अगस्त्य कुमार, हुजाफिया अनहलक, सम्राट सात्विक, प्रिंस सिंह, पीयूष कुमार, आर्यन सिंह, आदित्य राज (कप्तान)शामिल हैं।

विश्व शांति के संदेश लेकर स्वयंसेवक कटिहार रवाना

पटना। माई भारत पटना एवं नेहरू युवा केंद्र पटना की ओर से युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत प्रिज्म यूथ फाउंडेशन के स्वयंसेवक कटिहार रवाना । टीम को फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रिय जी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि विकसित भारत के मजबूत स्तम्भ है युवा भारत दुनिया का सबसे युवा देश है । युवा ही करेगा देश का उत्थान जरूरत है कि युवाओं को नेतृत्व के लिए तैयार किया जाए और यह कार्यक्रम युवाओं के नेतृत्व और व्यक्तित्व के विकास के लिए मिल का पत्थर सावित हो रहा है । युवाओं को शॉर्ट कट अपनाने से बचना चाहिए ।मौके पर उपस्थित फाउंडेशन के निदेशक देवानंद ने बताया कि युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत पटना से युवाओं का जत्था कटिहार जा रहा है और जहाँ 20 से 24 फरवरी तक प्रवास करेंगे साथ ही युवा मंडल का दौड़ा करेंगे । वहीं लेखापाल शिवजी राम ने बताया कि भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय एवं गृह मंत्रालय ने युवाओं को लेकर युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का सिलसिला आरंभ किया है यह युवाओं को लेकर सकारात्मक पहल है । युवा ही है भारत के भाग्यविधाता युवाओं के असीम क्षमता को सकारात्मक कार्यों में लगाने की जरूरत है । उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि जातपात एवं धर्म के भावना से ऊपर उठकर राष्ट्र के निर्माण के लिए आगे आये । युवाओं को तत्कालिक लाभ और शॉर्ट कट अपनाने से बचना ही चाहिए । युवाओं को जातपात एवं धर्म के भावना से ऊपर उठकर राष्ट्र के निर्माण के लिए सदैव तत्पर रहना ही चाहिए वही अनुशासन का पाठ पढ़ाया । जत्था में खुसरूपुर से साहिल , नितिन, मौसम,रंजन,मन्नी,सन्नी, विकाश, सुवंश,अविनाश शामिल है ।

एनडीए के सामने चुनावी रणभूमि में धराशायी होगा विपक्ष : उमेश

पटना। बुधवार को जहानाबाद एवं अरवल में आयोजित एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि एनडीए, जिला सम्मेलनों में जिस प्रकार से पांचों दलों के तमाम कार्यकर्ताओं का उत्साह और आत्मविश्वास उमड़ रहा है, उससे अब यह स्पष्ट हो चुका है कि 2025 की चुनावी रणभूमि में विपक्ष पूरी तरह से धराशायी होगा। श्री कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार की विकास नीति से प्रदेश की 14 करोड़ जनता खासा प्रभावित है। अपने 19 वर्षों के शासनकाल में नीतीश कुमार ने जनआकांक्षाओं के अनुरूप ऐतिहासिक काम किए हैं और न्याय के साथ विकास के मूलमंत्र को उन्होंने सरजमीं पर उतारा है। नीतीश सरकार की विकास योजनाओं पर नजर डालें तो उसमें सामाजिक न्याय का प्रतिबिंब नजर आता है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि डबल इंजन की एनडीए सरकार में बिहार विकास के नित-नए आयाम छू रहा है। शहर से लेकर सुदूर गांवों तक विकास योजनाओं का असर नजर आता है। हमारे नेता ने वर्ष 2005 के बाद बिहार में विकास की गंगा बहाई है और प्रदेश का कायाकल्प किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि गांव-गांव में जाकर एनडीए सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना है और विपक्ष के हरेक झूठ का पर्दाफाश करना है। श्री कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जीतन राम मांझी, चिराग पासवान एवं उपेन्द्र कुशवाहा के हाथों को ताकत देना है और 2025 में 225 से अधिक सीटें पर एनडीए की जीत का झंडा लहराना है। उक्त मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल, हमसे के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार, लोजपा (आर) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, रालोमो के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी, पूर्व सांसद सह अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, जदयू के प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी स्थापना चंदन कुमार सिंह सहित एनडीए के विधायक, विधानपार्षद एवं कई गणमान्य नेतागण मौजूद रहे।

बीपीएससी 70वीं मेंस परीक्षा 25 से 30 अप्रैल तक होगी

पटना। बीपीएससी 70 वीं पीटी परीक्षा री एग्जाम की मांग को लेकर के लगातार पिछले दो महीने से पटना में प्रदर्शन जारी है। आयोग की ओर से बुधवार को मुख्य लिखित परीक्षा (मेंस) की तिथि जारी कर दी गई है।इसको लेकर आवेदन 21 फरवरी से शुरू होगा। परीक्षा 25 अप्रैल 2025 से 30 अप्रैल 2025 तक पटना मुख्यालय स्थित परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी।

आचार्य नलिन नहीं होते तो रेणु भी 'रेणु' नहीं होते

चिंतक साहित्यकार थे डा रंगी प्रसाद रंगम रंगम

नई सोच एक्सप्रेस

» जयंती पर साहित्य सम्मेलन किया श्रद्धापूर्वक स्मरण, आयोजित हुआ कवि-सम्मेलन

पटना। चमत्कृत करने वाली प्रतिभा और विद्वता के कवि और काव्य में प्रपद्य-वाद के प्रवर्त्तक आचार्य नलिन विलोचन शर्मा आलोचना-साहित्य के शिखर-पुरुष थे। वे न होते तो श्रेष्ठ आँचलिक उपन्यासकारके रूप में हिन्दी साहित्य में प्रतिष्ठित हो जाने वाले फणीश्वरनाथ रेणु भी 'रेणु' न होते। रेणु जी भी उन सैकड़ों प्रतिभाशाली साहित्यकारों की भाँति अलक्षित ही रह जाते, जिन पर विद्वान आलोचकों की दृष्टि नहीं पड़ी। यह बातें बुधवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित जयंती-समारोह और कवि-सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। डा सुलभ ने कहा कि, नलिन जी ने ४५ वर्ष की अपनी अल्पायु में १४५ वर्ष के कार्य कर डाले। हिन्दी-संसार अपने उस महान पुत्र पर गर्व करता है। पटना विश्वविद्यालय में हिन्दी के प्राध्यापक और साहित्य-सम्मेलन के साहित्यमंत्री के रूप में उनके कार्य अतुल्य हैं। वर्ष १९५० से १९६२ तक उन्होंने आचार्य शिवपूजन सहाय के साथ 'साहित्य' के संपादन में ऐसी अनेक समालोचनाएँ लिखीं, जिनसे हिन्दी साहित्य में आलोचना के मानदंड निश्चित हुए। 'मानदंड' शीर्षक से उनकी एक समालोचना की पुस्तक भी आई, जो आज भी आलोचना का मानदंड बनी हुई है। आकाशवाणी में निदेशक रहे सुप्रसिद्ध कथाकार राधा कृष्ण प्रसाद के आग्रह पर उन्होंने रेणु जी की पुस्तक 'मैला-आँचल' का अध्ययन किया था और उसकी समीक्षा लिखी। उनके इस कथन ने कि "यह हिन्दी का 'सर्वश्रेष्ठ आंचलिक उपन्यास' है", रेणु जी को रातोंरात हिन्दी के अग्र-पांक्तेय लेखकों में प्रतिष्ठित कर दिया। डा सुलभ ने कहा कि नलिन जी ने संस्कृत, पाश्चात्य साहित्य और मार्क्स-साहित्य का गहारा अध्ययन किया था। वे मात्र ९ वर्ष के थे तभी उनके विद्वान पिता पं रामावतार शर्मा ने उन्हें 'संस्कृत अमरकोष', कालीदास का 'मेघदूतम' जैसी विश्व स्तरीय रचनाओं को रटा दिया था। नलिन जी की विद्वता हिन्दी साहित्य को कुछ दिन और प्राप्त हुई होती तो हम आलोचना-साहित्य में कुछ और ही देख पाते। जयंती पर डा रंगी प्रसाद सिंह 'रंगम' को स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि रंगम जी एक महान कैंसर-रोग-विशेषज्ञ के साथ एक आदरणीय साहित्यकार भी थे। विज्ञान और साहित्य मिलकर किस प्रकार लोक-मंगल कारी हो जाते हैं, वे इसके उदाहरण थे। उनके एक हाथ में चिकित्सा-विज्ञान और दूसरे में साहित्य था। उनकी कविताओं का मूल स्वर 'प्रकृति और प्रेम' है। रंगम जी के भीतर करुणा और प्रेम का एक सागर लहराता रहा। थे तो रेडियोलौजिस्ट, किंतु कैंसर की चिकित्सा में उन्होंने सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। हृदय-रोग की चिकित्सा में जो स्थान डा श्रीनिवास का है, वही स्थान कैंसर-रोग के उपचार में, रंगम जी का है। वे साहित्य सम्मेलन के अर्थमंत्री और उपाध्यक्ष भी रहे। सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा, डा कुमार अरुणोदय, भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी बच्चा ठाकुर, डा रत्नेश्वर सिंह, डा किशोर सिन्हा, ई आनन्द किशोर मिश्र, प्रो सुनील कुमार झा, बाँके बिहारी साव आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर आयोजित कवि-सम्मेलन का आरंभ चंदा मिश्र ने वाणी-वंदना से किया। वरिष्ठ कवि रमेश कँवल, मधुरेश नारायण, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, शमा कौसर 'शमा', कुमार अनुपम, जय प्रकाश पुजारी, डा मीना कुमारी परिहार, सिद्धेश्वर, डा अनिल कुमार शर्मा, ई अशोक कुमार, सुनीता रंजन, मृत्युंजय गोविंद, रौली कुमारी, शंकर शरण आर्य, सूर्य प्रकाश उपाध्याय, शंकर शरण आर्य, अजीत कुमार भारती, वीणा अम्बष्ठ आदि कवियों ने अपनी सुमधुर रचनाओं से दोनों साहित्यिक विभूतियों को काव्यांजलि दी। मंच का संचालन कवि ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन प्रबंध मंत्री कृष्ण रंजन सिंह ने किया। अधिवक्ता दिवाकर भारतीय, नन्दन कुमार मीत, अमन वर्मा, नीता सिन्हा आदि प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

जैन धर्मावलंबियों ने भगवान सुपार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक भक्ति एवं श्रद्धा से मनाया

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। जैन समाज द्वारा श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, कदमकुआं सहित मीठापुर, मुरादपुर, कमलदह एवं अन्य जैन मंदिरों में जैन धर्म के सातवें तीर्थंकर भगवान सुपार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक भक्ति एवं श्रद्धा से मनाया गया। जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि इस अवसर पर, जैन समाज के लोगों ने भगवान सुपार्श्वनाथ की पूजा-अर्चना की और उनके जीवन एवं उपदेशों को याद किया. भगवान सुपार्श्वनाथ के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजा के बाद निर्वाण लाडू चढाया गया। उनके जीवन एवं उपदेशों को याद करने और उनके संदेशों को अपने जीवन में लागू करने के बारे में बताया गया। इस अवसर पर कदमकुआं, मीठापुर , मुरादपुर, कमलदह आदि दिगंबर जैन मंदिरों में अभिषेक, शांतिधारा एवं मंगल आरती किया गया तथा निर्वाण लाडू चढाया गया। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में अभिषेक, पूजा जिनेश जैन एवं अन्य द्वारा तथा मुरादपुर जैन चैत्यालय में अभिषेक शांतिधारा सुबोध फंटी ने किया। मौके पर बिहार राज्य दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के सचिव पराग जैन एवं प्रशांत जैन ने बताया कि मोक्ष कल्याणक के अवसर पर कमलदह दिगम्बर जैन मंदिर में शांतिधारा एवं मंगल आरती काफी अधिक श्रधालुओं द्वारा किया गया। जैन समुदाय ने आज भगवान सुपार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक मनाया। यह अवसर भगवान सुपार्श्वनाथ के ज्ञान और आत्म-साक्षरता की प्राप्ति का प्रतीक है। जैन संघ के मीडिया सचिव एम पी जैन ने बताया कि भगवान सुपार्श्वनाथ जैन धर्म के सातवें तीर्थंकर थे। उनका जन्म वाराणसी में हुआ था। वे इक्ष्वाकु वंश के राजा प्रतिष्ठा और रानी पृथ्वी के पुत्र थे। उनका जन्म जेष्ठ शुक्ल पक्ष की द्वादशी को विशाखा नक्षत्र में हुआ था। उनका शरीर सुवर्ण वर्ण का था और उनका चिह्न स्वस्तिक था। उनके यक्ष का नाम मातंग और यक्षिणी का नाम शांता देवी था। उन्होंने समेट शिखरजी पर्वत पर निर्वाण प्राप्त किया. उन्होंने अपने सच्चे मार्गों पर चलने का फ़ैसला किया। सुपार्श्वनाथ ने नौ महीने तक कठोर तप किया। उन्हें फाल्गुन कृष्ण पक्ष सप्तमी को धर्म नगरी वाराणसी में ही शिरीष वृक्ष के नीचे कैवल्यज्ञान की प्राप्ति हुई थी। वाराणसी में गंगा किनारे सुपार्श्वनाथ भगवान की जन्म स्थली जैन घाट पर उनका मंदिर है।

पिछले 10 दिन में समस्तीपुर मंडल ने चलाई 14 कुंभ स्पेशल ट्रेनें

नई सोच एक्सप्रेस

हाजीपुर। पिछले 10 दिन में समस्तीपुर मंडल ने 14 कुंभ स्पेशल ट्रेनें चलाई हैं जिससे कुंभ जाने वाले अधिकांश यात्रीगण सुगमता से यात्रा कर पाए। समस्तीपुर रेल मंडल निरन्तर प्रमुख स्टेशनों पर जैसे कि जयनगर,रक्सौल, दरभंगा,समस्तीपुर,सहरसा,मधुबनी इत्यादि में वरीय अधिकारीगण के नेतृत्व में कुल 720 वॉलिंटियर,वाणिज्य एवं टिकट चेकिंग स्टाफ, RPF force, भीड़ पर नजर बनाएं हुए हैं। मंडल द्वारा वार रूम दिनांक 10.2.25 से चल रहा है जिसके माध्यम से प्रमुख स्टेशनों के प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया, FOB, escalator, lift इत्यादि ka 24*7 लाइव निरीक्षण वरीय पर्यवेक्षकों की टीम द्वारा निरन्तर किया जा रहा है । इसके अतिरिक्त SDRF की टीम, स्थानीय पुलिस बल की तैनाती भी इन स्टेशनों पर सुनिश्चित की गई है जिससे प्रामाणिक यात्रियों को व्यवस्थित रूप से होल्डिंग एरिया/पंडाल की तरफ अग्रसरित किया जाता है। मंडल द्वारा निरन्तर और समन्वित प्रयास से यात्रियों की भीड़ नियंत्रित है। आज 19.2.25 को कोई कुंभ स्पेशल ट्रेनें परिचालित करने की आवश्यकता प्रतीत नहीं हो रही है।* आवश्यकता अनुसार एवं भीड़ की स्थिति देखते हुए रेल प्रशासन हर तरह से तैयार है। विदित हो कि बिना टिकट/बिना उचित प्राधिकार के रेल परिसर/गाड़ियों में प्रवेश की रोकथाम हेतु मंडल में इस प्रकार के अभियान लगातार चलाये जाते हैं। रेलवे अपने यात्रियों से भी आग्रह करती है कि वे अपनी यात्रा हेतु उचित यात्रा टिकट अवश्य लें तथा जिस श्रेणी/गाड़ी का टिकट लें उसी में यात्रा करें।

उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने फतुहा, बिहार में हाईस्पिरिट की अत्याधुनिक विनिर्माण इकाई का उद्घाटन किया

नई सोच एक्सप्रेस

» बिहार वाकई में उभर रहा है! फतुहा में 15 इकाइयों में से पहली इकाई काउद्घाटन राज्य के औद्योगिक विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।यह विकास "15 in 51" अभियान का हिस्सा है, जो रणनीतिक निवेशऔर बुनियादी ढांचे के विकास के माध्यम से बिहार की अर्थव्यवस्था कोबढ़ावा देने का लक्ष्य रखता है

फतुहा। बिहार के औद्योगिक परिदृश्यको मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, बिहार सरकार के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने आज फतुहा मेंहाईस्पिरिट की नई विनिर्माण इकाई का उद्घाटन किया। मौजूदा बैगनिर्माण इकाई के इस विस्तार से हाईस्पिरिट के लिए एक बड़ा मील कापत्थर साबित होगा, जो इस क्षेत्र में नवाचार, रोजगार सृजन और आर्थिकविकास के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नई इकाई के उद्घाटन से शुरुआती चरण में 120 लोगों को रोजगार मिलनेकी उम्मीद है। इस विस्तार के साथ, फतुहा सुविधा में कुल कर्मचारियों कीसंख्या 550 तक पहुंच जाएगी, जिससे इस क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिकविकास में और योगदान मिलेगा।

नई इकाई के प्रमुख तथ्यः

रोजगार सृजनः वर्तमान चरण में 120 नई नौकरियां, फतुहा सुविधा मेंकुल 550 कर्मचारी।

मशीनरीः नई इकाई में 80 मशीनें स्थापित की गई हैं, जिससे फतुहामें हाईस्पिरिट की सभी इकाइयों में मशीनों की कुल संख्या 320 होगई है।

सुविधा का आकारः प्रति मंजिल 14,400 वर्ग फुट में फैली इसइकाई में उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक तकनीक लगाईगई है।

कुल कर्मचारीः हाईस्पिरिट अब बिहार राज्य में अपनी सभी इकाइयोंमें 6,000 से अधिक कर्मचारियों को रोजगार दे रही है, जो इस क्षेत्रमें एक प्रमुख रोजगार सृजक के रूप में इसकी भूमिका को रेखांकितकरता है।

उद्घाटन समारोह में बोलते हुए, नीतीश मिश्रा ने औद्योगिक विकास कोगति देने और रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए हाईस्पिरिट के प्रयासोंकी सराहना की। उन्होंने कहा, "इस नई विनिर्माण इकाई की स्थापनाबिहार के एक औद्योगिक केंद्र के रूप में बढ़ते संभावना का प्रमाण है।हाईस्पिरिट का निवेश और रोजगार सृजन के प्रति प्रतिबद्धता एक समृद्धऔर आत्मनिर्भर बिहार के हमारे सपने के अनुरूप है।" उद्योग विभाग की सचिव, श्रीमती बंदना प्रेयाशी ने कहा कि 15 नियोजितइकाइयों में से पहली इकाई के उद्घाटन के साथ, विभाग 51 दिनों के भीतरकम से कम 15 इकाइयों को लॉन्च करने के अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्य कोप्राप्त करने के लिए पूरी कोशिश कर रहा है। इस पहल से बड़े पैमाने पररोजगार के अवसर पैदा होने और राज्य के औद्योगिक विकास को गतिमिलने की उम्मीद है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए विभाग की कड़ीमेहनत और ध्यान निस्संदेह बिहार की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभावडालेगा। श्री निखिल धनराज निप्पानीकर, निदेशक उद्योग, ने मुजफ्फरपुरऔद्योगिक क्षेत्र में आगामी परियोजना का पता लगाने के लिए हाईस्पिरिटयूनिट के प्रमुख श्री आदिश जैन के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र किया। नई इकाई घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हाईस्पिरिट के उत्पादों कीबढ़ती मांग को पूरा करने के लिए उत्पादन क्षमता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रितकरेगी। बिहार राज्य में अपनी सभी सुविधाओं में अब कुल 3300 मशीनेंचालू होने के साथ, कंपनी अपनी बाजार उपस्थिति को मजबूत करने औरमेक इन इंडिया पहल में योगदान देने के लिए अच्छी तरह से तैयार है। यहइकाई POLICE, DISNEY और FirstCry जैसे ब्रांडों के लिए बैग कानिर्माण कर रही है।

हाईस्पिरिटःहाईस्पिरिट उच्च गुणवत्ता वाले बैग का एक प्रमुख निर्माता है, जो अपनेनवीन डिजाइन और स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है।स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने पर मजबूत ध्यान देने के साथ, कंपनीबिहार के औद्योगिक क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरी है, जोअपनी इकाइयों में 6,000 से अधिक व्यक्तियों को रोजगार प्रदान करतीहै। फतुहा इकाई का उद्घाटन हाईस्पिरिट की यात्रा में एक नया अध्याय है, जोउत्कृष्टता, विकास और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति इसके समर्पण कोदर्शाता है।

जे डी विमेंस कॉलेज में नेशनल पीरियडोनटिस्ट डे के अवसर पर मुफ्त दांत जांच शिविर का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। जे डी विमेंस कॉलेज, सेहत केंद्र, एनएसएस इकाई ,एवं बुद्धा इंस्टीट्यूट आफ डेंटल साइंस अस्पताल पटना के संयुक्त तत्वाधान में नेशनल पीरियडोनटिस्ट डे के अवसर पर मुफ्त दंत जांच का शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पीरियोडोंटोलॉजी एवं प्लांट की विभाग अध्यक्ष डॉक्टर अनंतिता बनर्जी मुख्य अतिथि रहीं। जिन्होंने ओरल हेल्थ के बारे में छात्रों को विस्तार से बताया साथ ही उनकी टीम से आए डॉ मनीष मालिक, डॉ तोशी, डॉ सास्वती पॉल,डॉ सुपरना, डॉ ज्ञान एवं अन्य जूनियर डाक्टर उपस्थित थे ,जिनकी देखरेख में छात्राओं के दांत का चेकअप हुआ।साथ हीं सभी को मुफ्त सैंपल भी वितरित किया गया। महाविद्यालय के प्रधानाचार्या प्रो मीरा कुमारी ने इस तरह के कार्यक्रम और छात्रों के स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए लगातार समय-समय पर कैंप लगाने की बात की।पूरे कार्यक्रम का आयोजन डॉ हिना रानी सेहत केंद्र नोडल ऑफिसर, अर्थशास्त्र विभाग से डॉ मंजरी नाथ एवं बांग्ला विभाग से डॉ अमरपाल ने किया। लगभग 200 से अधिक छात्रा ने चेकअप कराया।महिला इमदाद कमेटी राज भवन पटना से आई इसकी सेक्रेटरी पूनम चौधरी एवं उनके सदस्य डॉक्टर वृंदा भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थी I प्रोफेसर पूनम चौधरी ने कार्यक्रम में उपस्थित सारे छात्राओं को ओरल हाइजीन के बारे में बताते हुए कहा कि महत्वपूर्ण है कि दंत रोग और खराब सांस की रोकथाम करने के लिए नियमित तौर से मौखिक स्वच्छता को महत्व दिया जाए। महिला इमदाद कमेटी राज भवन पटना से सेक्रेटरी प्रो पूनम चौधरी एवं उनके सदस्य डॉ वृंदा भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। महाविद्यालय से मौके पर प्रो वीणा कुमारी ,प्रो अशोक यादव,प्रो कुमकुम कुमारी, प्रो कुमकुम सिंह, प्रो सुमिता सिंह, प्रो मालिनी वर्मा ,प्रो ब्रजबाला शाह ,शान्ता झा , डॉ अमित गिरी, डॉ पुष्पा ,डॉ अंजली, डॉ अपराजिता ,डॉ पल्लवी, रेणु चौधरी इत्यादि उपस्थित थे।

टीचर्स ऑफ बिहार के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म "कुटुंब ऐप" पर सदस्यों की संख्या 80000 के पार

नई सोच एक्सप्रेस

» बिहार की सबसे बड़ी प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी के रूप में टीचर्स ऑफ बिहार को मिल रही है राष्ट्रीय स्तर पर पहचान

पटना। टीचर्स ऑफ बिहार-द चेंज मेकर्स समूह बिहार के सरकारी विद्यालयों,शिक्षकों एवं छात्रों के लिए एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म के रूप में विगत छह वर्षों से काम कर रहा है। यह समूह अपने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से शिक्षकों एवं छात्रों के लिए प्रतिदिन विभिन्न प्रकार की शैक्षिक सामग्री साझा करती है जिससे राज्य के सरकारी विद्यालयों मे कार्यरत शिक्षक एवं वहां के छात्र लाभान्वित होते हैं। टीचर्स ऑफ बिहार के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से बिहार के साथ साथ अन्य राज्य के शिक्षक एवं छात्र जुड़े हुए है जो प्रतिदिन उपलब्ध कराए गए शैक्षिक सामग्री से अपने विद्यालय में अन्य शिक्षकों एवं छात्रों को प्रेरित करते हुए बेहतर शैक्षिक माहौल तैयार करने में मदद करते हैं। इन्ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में टीचर्स ऑफ बिहार की पहचान इतनी बढ़ी की आज के समय में यहां सदस्यों की संख्या 80000 के पार पहुंच गई है। टीचर्स ऑफ बिहार-द चेंज मेकर्स समूह के संस्थापक पटना जिले के शिक्षक शिव कुमार ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर कुटुंब ऐप के मॉडरेटर केशव कुमार, मृत्युंजय ठाकुर, विनोद कुमार पाण्डेय, संजय कुमार झा एवं उमेश नारायण महतो की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनके समर्पण एवं मेहनत की बदौलत कुटुंब ऐप दिन प्रतिदिन एक नये आयाम गढ़ते हुए आगे बढ़ रहा है। टीम, टीचर्स ऑफ बिहार के प्रदेश प्रवक्ता रंजेश कुमार एवं प्रदेश मीडिया संयोजक मृत्युंजय ठाकुर ने कुटुंब ऐप से जुड़े तमाम सदस्यों को बधाई देते हुए अपेक्षा किये कि इसी तरह प्रतिदिन कुटुंब ऐप पर शैक्षणिक गतिविधि, नवाचार एवं अन्य शैक्षिक पोस्ट साझा करते रहे।

संक्षिप्त समाचार

सारण के लाल पंकज तिवारी का आईपीएल मे नेट बॉलिंग के लिए हुआ चयन

छपरा। जिले के पानापुर प्रखण्ड के सतजोड़ा निवासी मधुसूदन तिवारी के पुत्र पंकज तिवारी का आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स टीम में नेट बॉलिंग के लिए चयन हुआ। आईपीएल आगामी 25 मार्च से प्रारंभ होगा जिसमें भारत के विभिन्न स्थान पर होने वाले आईपीएल प्रतियोगिता में राजस्थान टीम के हिस्सा होंगे। चयन प्रक्रिया में सारण के पंकज तिवारी ने लगातार 137 किलोमीटर की रफ्तार से गेंदबाजी कर सबको चौंका दिया। आयोजीत चयन प्रकिया में पहला स्थान पंकज तिवारी को मिला। मार्च में होने वाले आईपीएल राजस्थान रायल्स के नेट बॉलर पंकज तिवारी होंगे, जिसके हेड कोच पूर्व भारतीय कोच राहुल द्रविड़ हैं। इससे पहले पंकज सारण के लिए खेलते आए हैं।इसकी जानकारी सारण जिला क्रिकेट संघ के संयुक्त सचिव चन्दन शर्मा ने दी।

शव पहुंचते ही गांव में मचा कोहराम

सुगौली। प्रखंड के भटहां से जलबोझी के लिए जा रहे कांवरियों से भरी पिकअप मंगलवार को पलट गई। जिसमें सवार एक बम की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हो गए। मृतक भटहां दुमदुमवा निवासी ध्रुप कुशवाहा का शव बुधवार को शाम पांच बजे पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचा। शव घर पहुंचते हीं कोहराम मच गया। घर के परिजनों का रोरो कर बुरा हाल हो गया। वहीं एक अन्य एंबुलेंस से घायल दुमदुमवा निवासी बोधा यादव, प्रभू कुशवाहा एवं एक घायल महिला घर वापस पहुंचे। जिसे देखने के लिए गांव व पड़ोस के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। घायल बोधा यादव ने बताया कि जान बच गेल इहे बहुत बा। यहां बता दें कि मंगलवार को भोर में आगरा के समीप कांवरियों से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें पिकअप पर सवार एक कांवरिया की मौत हो गई। जबकि करीब आधा दर्जन कांवरिया जख्मी हो गए। जिसमें दो गंभीर रुप से घायल ह गए।मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस के सहयोग से घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

रोसड़ा के आंगनबाड़ी केंद्रों पर अन्नप्राशन दिवस का जायजा लेने पहुंचे प्रोग्राम लीडर

समस्तीपुर/रोसड़ा। जिले के रोसड़ा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 120, 132, 179 मब्बी पर पिरामल स्वास्थ्य से प्रोग्राम लीडर अंजय कुमार के द्वारा अन्नप्राशन दिवस का अवलोकन किया गया। उक्त आंगनबाड़ी केंद्र पर अन्नप्राशन दिवस में ऊपरी आहार विषय पर दिए जा रहे पोषण परामर्श सेवा, स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता पर दिए जा रहे परामर्श इत्यादि का अवलोकन किया गया। जिसमें 5 माह के 1 बच्चों, 6-8 माह के 7 बच्चे,9-11 माह के 2 बच्चे एवं बच्चों के मां, दादी को सी एन आर पी उषा कुमारी और आंगनबाड़ी सेविका पुनम कुमारी के द्वारा परामर्श दिया गया। मौके पर प्रोग्राम लीडर अंजय कुमार, बीएमसी मुकेश वर्मा , एएनएम कुमारी अंजु, संगीता कुमारी,सीएनआरपी उषा कुमारी ,आंगनबाड़ी सेविका पुनम कुमारी, बिहुला कुमारी, इन्दु कुमारी,वार्ड सदस्य रीना कुमारी, अधिक से अधिक संख्या में उक्त पोषक क्षेत्र के लाभार्थी, उनके परिजन, समुदाय के लोग, स्वयं सहायता समूह सदस्य, इत्यादि सक्रिय रूप से भाग लिए।

नई दिल्ली स्टेशन भगदड़ में पति-पत्नी व नतनी की हुई थी मौ/त, डॉ. मनोज सिंह ने शोक संतप्त परिवार को दी आर्थिक सहायता दी

समस्तीपुर। बताते चलें कि 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ में समस्तीपुर जिले के कोठिया पंचायत निवासी विजय साह, उनकी पत्नी कृष्णा देवी और 15 वर्षीय भांजी सुरूची कुमारी की दबकर हो गई थी मौत । वहीं इस घटना से पूरे परिवार एवं इलाके में शोक की लहर दौड़ गई । वहीं इस दुखद हादसे के बाद समस्तीपुर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. मनोज कुमार सिंह ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात की और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की। वहीं इस दुखद घटना पर शोक व्यक्त करते हुए डॉ. सिंह ने कहा यह एक अत्यंत दुःखद और दर्दनाक घटना है। मैं उनके परिवार को हर संभव मदद देने का प्रयास करूंगा ताकि वह इस कठिन समय से उबर सकें। इस दुखद घटना के बाद मौके पर कोठिया पंचायत के मुखिया धर्वेंद्र चौरसिया, सरपंच राज नारायण साह, सिंघेश्वर दास, बालकृष्ण साह, अरुण सिंह, रमेश कुमार, अमरेश कुमार, राधेश्याम, शशि भूषण निषाद, संजय, रमेश सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

बिहार में हुए अभूतपूर्व परिवर्तन की यात्रा है प्रगति यात्राः मंत्री श्रवण कुमार

बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने तेजस्वी यादव के बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि जिनके मां पिता के राज में बिहार की जो दुर्गति हुई है उसे याद कर आज भी लोगों के रोंगटे खड़े हो जाते हैं।बिहार को उनके शासनकाल में जंगल राज के नाम से जाना जाता था बिहार के लोगों को अपमान और जिल्लत की जिंदगी जीनी पड़ रही थी बिहार को अपहरण उद्योग के नाम से जाना जा रहा था बिहारी कहलाना अपमान का विषय था वह आज प्रवचन दे रहे हैं।बिहार में हुए न्याय के साथ विकास और सुशासन की यात्रा है प्रगति यात्रा।बिहार में आपसी प्रेम मिल्लत भाईचारे सद्भाव की यात्रा है प्रगति यात्रा । मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ही देन है कि तेजस्वी यादव पटना से सुरक्षित 2 घंटे में राजगीर का सफर तय कर रहे हैं पूर्व में पटना से बिहार से पहुंचने में 5 घंटे से भी अधिक समय लगा करता था इसी का नाम प्रगति यात्रा है। इनके राज में मरीजों को जब एंबुलेंस से मरीज ले जाया जाता था तो रास्ते में ही दम तोड़ देते थे आज चारों ओर सड़कों का जाल बिछा है यह माननीय मुख्यमंत्री जी का ही देन है। आज बिहार के गांव शहरों की तरह स्मार्ट दिख रहे हैं समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों को विकास की मुख्य धारा में जोड़ा जा चुका है बिहार कहलाना आज सम्मान का विषय है। आज लोग गर्व से कहते हैं के हम उसे बिहार से आते हैं जहां गांव में हर घर बिजली हर घर पानी हर घर पानी हर घर पक्की नाली गली हर घर शौचालय पहुंचाया गया है। आज नीतीश सरकार में बिहार के लोग सीना तानकर चल रहे हैं बिहार की दिन दोगुनी चौगुनी तरक्की हो रही है इस प्रगति यात्रा से गांव और समृद्ध होंगे बिहार विकास के पद पर और आगे बढ़ेगा हर घर में काम हो रहा है हर जिलों को बड़े सौगात मिल रहे हैं जिससे नेता प्रतिपक्ष के पेट में दर्द हो रहा है। उन्हें बिहार की कुर्सी की चिंता है जनता के समस्याओं से एवं उनके दुख तकलीफ से इनको कोई मतलब नहीं है बिहार नया के साथ विकास कर रहा है सबसे ज्यादा गरीबों को लाभ मिल रहा है आज बिहार के गरीबों को 7 लाख 90000 आवास मिल चुके हैं शेष बचे लोगों का सर्वे का भी काम चल रहा है। इस प्रगति यात्रा से नालंदा के लोगों को और कई तरह के सौगात मिलेंगे।

नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली विशाल कलश यात्रा

नई सोच एक्सप्रेस

छपरा। मांझी प्रखंड के गोबरहीं में करोड़ो की लागत से नवनिर्मित शिवशक्ति धाम परिसर में 9 दिवसीय रुद्र महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर मंगलवार को विशाल कलशयात्रा निकाली गई। अनुष्ठान स्थल से रंग-बिरंगे परिधान में हजारों की संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु हर्षोल्लास के साथ हाथी-घोड़े, ऊंट व बैंड-बाजे के साथ जुलूस में चंदउपुर, ताजपुर, फुलवरिया होते हुए सरयु नदी के डुमाइगढ़ घाट पर पहुंचे। जहां यज्ञाचार्य अयोध्या धाम से पहुंचे गोविंद शास्त्री जी व संजय त्रिपाठी के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोचारण के साथ विधिवत पूजा-अर्चना के बीच श्रद्धालुओं ने नदी से जलभरी की। उसके बाद कलश में पवित्र जल लेकर पंक्तिबद्ध होकर पुनः उसी मार्ग से अनुष्ठान स्थल पर पहुंचे। कलशयात्रा के दौरान जय शिव व हर हर महादेव के जयघोष व महिलाओं के शिव-गीत से आसपास का वातावरण गूंजता रहा। यज्ञाचार्य ने बताया कि 19 फरवरी को पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश व वेदी निर्माण, 20 फरवरी को वेदी पूजन एवं जलाधिवास, 21 फरवरी को अन्नाधिवास एवं अरणी मंथन व हवन प्रारंभ, 22 फरवरी को पुष्पाधिवास, 23 फरवरी को मिष्ठानधिवास, 24 फरवरी को वस्त्राधिवास, 25 सर्वविधि स्नान, नगर भ्रमण व शय्याधिवास तथा 26 फरवरी को हवन-पूजन व विशाल भंडारा के साथ महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी। वहीं यज्ञ समिति के अध्यक्ष विजय सिंह, सचिव देवेंद्र सिंह व कोषाध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि श्रद्धालु प्रतिदिन ओजस्वी प्रवचनकर्ता साध्वी पंछी देवी का प्रवचन व संजय त्रिपाठी से शिव पुराण कथा का श्रवण करेंगे। महायज्ञ आरंभ होने के बाद वातावरण जहां भक्तिमय बन गया है। वहीं अनुष्ठान स्थल पर विभिन्न तरह की दुकानों व झूला आदि लगने से मेला जैसा दृश्य उत्पन्न हो गया है।

पंचदेवरी बीआरसी पर टीएम मेला का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस

पंचदेवरी, एक संवाददाता । पंचदेवरी प्रखंड के प्रखंड संसाधन केंद्र कोइसा भाठवां में बुधवार को प्रखंड स्तरीय टीएलएम मेला का आयोजन हुआ । जिसमें 35 विद्यालयों के 95 शिक्षकों ने भाग लिया । इस दौरान मध्य विद्यालय भठवां, नटवा व खालगांव के शिक्षकों के द्वारा बनाए गए टीएलएम का चयन किया गया । प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जानकी कुमारी ने बताया कि संकुल स्तर पर मेले का आयोजन पिछले माह ही किया जा चुका है । संकुल स्तर पर मेले का आयोजन 13 से 31 जनवरी तक किया गया था । शिक्षक व विद्यार्थी टीएलएम सामग्री का निर्माण जो किए हैं उसका प्रदर्शन जिला स्तरीय मेले में किया जाएगा । मौके पर महर्षी त्रिपाठी, घनश्याम प्रसाद , शम्भू नाथ राय, अर्चना देवी , दामिनी पाण्डेय, राहुल कुमार रोशन, सलीम अंसारी, मुकेश कुमार आदि थे ।

अहमद अली का रैप सॉन्ग हुआ वायरल, किया गया सम्मानित

नई सोच एक्सप्रेस

सुगौली। नगर पंचायत वार्ड नंबर 14 निवासी अहमद अली का रैप सॉन्ग पूरे बिहार में तेजी से वायरल हो रहा है। उनकी मेहनत, लगन और अनोखे अंदाज ने युवाओं के बीच खास पहचान बना ली है। नगर पंचायत स्थित नुरुल हुदा कुरैशी के आवास पर एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया।जहां अहमद अली को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर समाजसेवी सुजीत रमन, युवा नेता संजीव कुमार, सरपंच संघ अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, अशोक सोनी, नुरुल कुरैशी, डॉ. अबरार सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने अहमद अली की सराहना की। सुजीत रमन ने कहा कि अहमद अली ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है, जिससे युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिश करें।नुरुल हुदा कुरैशी ने अपने पोते अहमद अली को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं, युवा नेता संजीव कुमार ने भी चंपारण का नाम रोशन करने के लिए अहमद अली को बधाई दी। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

पचरुखी में शुरू हुआ प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर

नई सोच एक्सप्रेस

> » स्काउट गाइड से बच्चो में होता है शारीरिक,मानसिक और नैतिक विकास :सुजीत कुमार सिंह

छपरा। जिला शिक्षा पदाधिकारी सारण के निर्देश पर प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मातवर मनतुरा उच्च विद्यालय पचरुखी में किया गया है।शिविर में भाग लेने वाले स्काउट गाइड को प्राथमिक चिकित्सा,गांठ विद्या,ध्वज शिष्टाचार,ड्रिल,सफाई, व्यायाम,सीटी संकेत,खेल व ताली आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा। उद्घाटन समारोह में विद्यालय की प्राचार्य सुजीत कुमार सिंह ने कहा कि आज के परिवेश में बच्चों में स्काउटिंग गाइडिंग की शिक्षा बहुत ही जरूरी है,स्काउटिंग शिक्षा बच्चों को स्वालंबन व अनुशासन के साथ साथ देश प्रेम की भावना का विकास करता हैं। वहीं जिला संगठन आयुक्त स्काउट अमन राज ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट गाइड से बच्चों में शारीरिक,मानसिक और नैतिक विकास होता है।इस शिविर में उच्च विद्यालय पचरुखी के अलावे उच्च माध्यमिक विद्यालय चंदपुरा,मध्य विद्यालय बकसंडा कुआरी, मध्य विद्यालय पचरुखी एवम उच्च माध्यमिक विद्यालय बनकेरवाभाव के स्काउट और गाइड भाग ले रही है।इस अवसर उच्च माध्यमिक विद्यालय चांदपुरा की प्राचार्या रिंकू कुमारी,उच्च विद्यालय पचरुखी के शिक्षक प्रमोद कुमार,मनोरमा कुमारी,अनिल कुमार,अजीत,पंकज,कृष्ण,संतोष, सरताज आलम,राजेश,बब्लू,सुजीत, कुमारी पूजा,प्रतिमा कुमारी आदि उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना में एक परीक्षार्थी की मौत

नई सोच एक्सप्रेस

समस्तीपुर/कल्याणपुर । सड़क दुर्घटना में एक परीक्षार्थी की मौत वही बाइक सवार गंभीर जख्मी। थाना क्षेत्र के डी,पी,जी,सी परियोजना बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के समीप मंगलवार की देर रात एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने सड़क किनारे होटल से खाना खाकर डेरा जा रहे एक मैट्रिक परिक्षार्थी को बाइक की ठोकर लगने से बाइक सवार सहित दोनों घायल हो गया जिसे स्थानीय लोग व सूचना पर पहुंचे कल्याणपुर थाने के एस आई सीम्पी कुमारी दल बल के साथ पहुंचकर परिक्षार्थी सहित बाइक सवार को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। दोनों घायल की पहचान सिंधिया थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 13,माहे सिंधिया बजार निवासी अर्जुन साहू का का 17 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार व बाइक सवार घायल की पहचान बिरसिंहपुर पंचायत के महम्मदाबाद गांव के हरिराम साह के पुत्र 19 वर्ष नीतीश कुमार के रूप में पहचान हुई है। वही दोनों की गंभीर स्थिति देखते हुए डाक्टर ने पीएचसी से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया।जहां से इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने देखते हुए परीक्षार्थी को मृत घोषित किया ।मृतक परीक्षार्थी की पहचान माहे सिंधिया बाजार के अर्जुन साहू के 17 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार के रूप में हुई । जहां से स्थानीय पुलिस ने शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया । सूचना पर पहुंचे सदर अस्पताल में पीड़ित पिता मां का रोते-रोते बुरा हाल देखा गया ।

गया में अपराधियों ने वार्ड पार्षद के घर पर की गोलीबारी, घटना में पार्षद की मां जख्मी, तीन खोखा व एक पिस्टल बरामद

नई सोच एक्सप्रेस

गया। बिहार के गया में अपराध थमने का नाम नहीं ले रहा है. ऐसे में आए दिन किसी न किसी विवाद को लेकर मारपीट और हत्या जैसी घटनाओं को खुलेआम अंजाम दिया जा रहा है. अभी अभी यानी मंगलवार की रात हथियारों से लैस दर्जनों से ज्यादा अपराधियों ने कोतवाली थाना क्षेत्र के मुरली हिल मोहल्ला के रहने वाले वार्ड पार्षद कुंदन कुमार के घर पर गोलीबारी की. जिसमें पार्षद की मां बुरी तरह जख्मी हो गई है। वहीं पार्षद कुंदन कुमार बाल बाल बच गए हैं। घटना के बाद कोतवाली थाने की पुलिस समेत वरीय अधिकारी पहुंचे और मामले की जांच कर रहे हैं। घटना के संबंध में वार्ड पार्षद कुंदन कुमार ने बताया कि वार्ड में जनता के लिए लगातार बेहतर करने का प्रयास कर रहे हैं. इसी से नाराज कुछ लोग लगातार टारगेट कर रहे हैं. अफीम और शराब माफिया के द्वारा निशाना बनाया गया है। करीब 10 बजे की रात जब हमलोग घर में थे. तभी 15 से 20 की संख्या में रहे अपराधी हमारे घर पर गोलीबारी की. गोलीबारी की घटना में तीन खोखा और एक पिस्टल पुलिस ने बरामद किया है। वहीं अपराधियों ने पिस्टल फेंक मेरी मां को बुरी तरह जख्म कर दिया है। जख्मी हालत में गोल पत्थर स्थित सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं कुंदन कुमार ने बताया किघटना सीसीटीवी कैमरे कैद हो गया।जिसमें नगर निगम के मेयर प्रत्याशी रहे उपेंद्र पासवान के चारों पुत्र शामिल दिख रहे हैं। इनमें सौरभ, गौरव, संगम, टुना, मुन्ना अक्षय कुमार, रोशन, छोटू, पीयूष, रोहित, नेपाली सहित कई लोग पहचान किया गया है। वहीं कोतवाली थाना प्रभारी ने पार्षद कुंदन कुमार के घर पर गोलीबारी की घटना पुष्टि की है। उन्होंने बताया सभी मामले पर जांच की जा रही है।

लेट्स इंस्पायर बिहार

राहुल कुमार सिंह

मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

आईपीएस विकास वैभव... नाम के अनुरूप सार्थक प्रयास

बिहार के लिए असाधारण योगदान देने वाले, युवाओं के भविष्य निर्माण के लिए संकल्पित, दिनकर की भूमि के लाल आईपीएस विकास वैभव ने जब अपना जीवन बिहार को समर्पित कर दिया हैं तो, युवाओं को भी आगे बढ़कर इनके मनोबल को मज़बूत बनाना होगा। बिहार निर्माण के लिए अपना श्रम अर्पित करना होगा।

नई सोच एक्सप्रेस

आज के आर्टिकल में आईपीएस विकास वैभव जी का संक्षिप्त परिचय देने का प्रयास किया हूं और इस प्रश्न का ज़वाब भी है कि क्यों वे अन्य अधिकारियों से अलग है। और, युवाओं के प्रिय है, बिहार के चर्चित आईपीएस है। युवाओं के 'कॉप गुरु', पत्रकारों के बीच 'कॉप फ़ोटोग्राफर' के रूप में चर्चित आईपीएस विकास वैभव मूल रूप से बेगूसराय के बीहट के रहने वाले हैं। कठिन परिश्रम कर भारत के उच्चतम इंजिनियरिंग कॉलेज आईआईटी में 1997 में दाखिला लिया। 2001 में मैकेनिकल इंजीनियरिंग पास करने के बाद कई उच्च संस्थानों से नौकरी का ऑफर उन्हें आया। लेकिन, हृदय में देश के लिए कुछ करने की भावना और जज़्बा लिए , विकास वैभव ने देश के सबसे कठिन और महत्वपूर्ण सिविल सर्विस परीक्षा को 2003 में उत्तीर्ण किया। 2008 में विकास वैभव बगहा एसपी के रुप में गए, जिसे मीडिया द्वारा कहे जाने वाले मिनी चम्बल और अंग्रेजों ने जिस दियारे को युनिवर्सिटी ऑफ क्राइम से संबोधित किया था, उस बगहा को दस्युओं से मुक्त कर आम आदमी को अपहरण के आतंक से मुक्त कराने में सफलता पाई। नतीजा आज बगहा में एक चौराहा और सड़क का नाम विकास वैभव चौराहा, वहां के लोगों के द्वारा रखा गया है। इस तरह नागरिकों ने उनकी कीर्ति को अमर बना दिया है। 2009 में माववादियों से रोहतास गढ़ किले को मुक्त कराने के लिए आपरेशन विध्वंश चलाया। इस दौरान मात्र 6 इंच की दूरी से गोली इनके पास से निकल जाती है। बावजूद इसके, अदम्य साहस का परिचय देते हुए आईपीएस विकास वैभव ने 26 जनवरी 2009 को रोहतास गढ़ किले को मुक्त कर आज़ादी के बाद पहली बार भारतीय तिरंगे को फहराया और आदिवासियों को आजादी का एहसास कराया। एनआईए में एसपी के पद पर रहे तो 2013 में हुए बोधगया विस्फोट में लिप्त आतंकवादी यासीन भटकल को पकड़ कर सजा दिलाने में अहम भूमिका निभाई। 2015 में पटना एसएसपी रहते हुए कई महत्वपूर्ण कार्यों को अंजाम दिया और, भागलपुर और मुंगेर के डीआईजी के रुप में समाज में अमन चैन बहाली से लेकर जनता दरबार के लिए चर्चा में रहें। कठोर परिश्रम, देश सेवा और अडिगता के कारण आईपीएस विकास वैभव को 2 नवम्बर 2019 को आईआईटी कानपुर के डायमंड जुबली समारोह के दौरान प्रतिष्ठित "सत्येंद्र के दुबे अवॉर्ड" से सम्मानित किया गया। भागलपुर के डीआईजी रहते हुए उन्होंने हर थाने में जनता दरबार लगाने का निर्देश दिया तथा पुलिस को पीपुल फ्रेंडली बनकर सेवा देने का निर्देश दिया। पटना में आतंकवाद निरोधक दस्ता (ATS) में डीआईजी के रुप में और गृह विभाग में विशेष सचिव की भूमिका निभाने वाले आईपीएस विकास वैभव वर्तमान में बिहार राज्य योजना पर्षद में सलाहकार सह आईजी है। और, बिहार के युवाओं को राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित कर रहे है। इसके लिए बिहार में उन्होंने एक सामाजिक मुहिम लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान चला रखा है। आम लोगों के बीच इनकी ईमानदारी की लोकप्रियता इतनी है कि जब जब इनको सेवा योगदान के लिए किसी अन्य स्थान पर भेजा जाता तो, आम जनता इसका विरोध करती और इनके काफिले को स्नेह भरे आँसू के साथ घेर लेती हैं। बाद में, इनके आग्रह पर और इनके यह कहने पर कि यह सेवा की नियमावली है उन्हें जाने देती। आज से 4 वर्ष पूर्व 22 मार्च 2021 को लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान का सामाजिक संदेश देकर बिहार के युवाओं को एकता के सूत्र में बांधने का पवित्र कार्य आरंभ कर दिए। उनके विचार आज विचारधारा बनकर बिहार में ही नहीं बल्कि, बिहार के बाहर रह रहे बिहारियों को 2047 तक राज्य को सर्वश्रेष्ठ करने के लिए प्रेरित और संकल्पित कर रहा है। आज लगभग 175000 लोग प्रत्यक्ष रूप से वाट्सअप के माध्यम से जुड़कर अपनी मातृभूमि अपने बिहार के लिए सकारात्मक भूमिका निभा रहे हैं। आईपीएस विकास वैभव के मार्गदर्शन में छोटे बड़े लगभग 1600 कार्यक्रम का आयोजन लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के माध्यम से हो चुका हैं। "मेरा जीवन अपने बिहार के लिए समर्पित है, बिहार में शिक्षा, समता और उद्यमिता विकास के लिए मेरा एक–एक पल अर्पित है"— विकास वैभव, आई.पी.एस। बिहार को आर्थिक, सामाजिक, स्वस्थ वातावरण, वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के सुंदर इंद्रधनुषी और रचनात्मक भविष्य के निर्माण हेतु संकल्पित, लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान आईपीएस विकास वैभव जी के मार्गदर्शन में 4 वर्षों से चल रहा है।

जय हिंद जय बिहार राहुल कुमार सिंह, मुख्य कॉर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान

महाकुंभ का संगम स्नान करना महंगा पड़ गया एक गरीब बिहारी महिला को

नई सोच एक्सप्रेस

समस्तीपुर/सिंघिया। जिले के सिंघिया प्रखंड क्षेत्र के महरा पंचायत स्थित लहरगछिया ग्राम के एक 62वर्षीय वृद्ध महिला को उतर प्रदेश की प्रयागराज के महाकुंभ में संगम स्नान करना बहुत महंगा पड़ गया है जिसे हम आप लोगों को पी न्यूज पर दिखा रहे है पूरी जानकारी के लिए हमारे पूरे वीडियो को अंत तक देखते रहिए। यह महिला मसोंमात अनिता देवी थी जो काफी गरीब थी 2बेटा है उसमें से एक बड़ा पुत्र तुलसी दास दिव्यांग है और छोटा पुत्र लक्ष्मी दास है जो अनिता देवी के साथ समस्तीपुर से ट्रेन से प्रयागराज गई उसके साथ दो छोटी बच्ची भी गई थीं मृतक के पुत्र और परिजन ने बताया की संगम स्नान करने के बाद मेरी मां बैठी हुई थी उसी समय कुछ भीड़ के द्वारा कुचल दिया गया जिससे छाती की हड्डी टूट गया और उसे अस्पताल में एडमिट किया गया लेकिन वे नहीं बच पाई मर गई किसी तरह उसका बॉडी प्राइवेट एंबुलेंस से 28हजार रुपया में अपने घर लाया गरीबी के कारण ग्रामीण लोगो और मुखिया के द्वारा चंदा वसूल कर एम्बुलेंस वाले को भाड़ा दिया उक्त घटना पर ग्रामीण लोग मुखिया प्रतिनीति ने गहरा शोक व्यक्त कर बिहार सरकार और यूपी के योगी सरकार से आर्थिक मदद करने की मांग किया है।

हर खबर पर पैनी नजर
नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

संक्षिप्त समाचार

अनएकेडमीः जेईई मेन 2025 सेशन 1 के नतीजों ने फिर रचा इतिहास

पटना। अनएकेडमी, भारत का प्रमुख एडटेक प्लेटफॉर्म, ने जेईई मेन सेशन-1 2025 के नतीजों के साथ एक बार फिर नए कीर्तिमान स्थापित किया हैं। अनएकेडमी के 920+ छात्रों ने 99 परसेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, जो इसकी ऑनलाइन और ऑफलाइन शिक्षा को जोड़ने वाले हाइब्रिड लर्निंग मॉडल की प्रभावशीलता को दर्शाता है। अनएकेडमी के सह-संस्थापक सुमित जैन ने इन शानदार परिणामों पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, "हमारे छात्रों ने एक बार फिर अपनी क्षमता और दृढ़ संकल्प को साबित किया है। ये परिणाम हमारे शिक्षकों की प्रतिबद्धता, हमारी अध्ययन सामग्री की गुणवत्ता और हमारे हाइब्रिड लर्निंग मॉडल के प्रभाव को दर्शाते हैं। हमें पूरा विश्वास है कि यह सिर्फ शुरुआत है और हमारे छात्र जेईई, नीट और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में नए रिकॉर्ड बनाते रहेंगे।" शीर्ष स्कोररों में, सौरव ने 100 परसेंटाइल हासिल किया, उनके बाद उज्ज्वल केसरी (99.999%ile), समुद्र सरकार (99.992%ile), सृजन अग्रवाल (99.98%ile), यश कुमार (99.98%ile) और कई अन्य प्रतिभाशाली छात्रों ने अपनी मेहनत और लगन का प्रदर्शन किया। उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ, अनएकेडमी लगातार अपने विस्तार को जारी रखते हुए अब भारत के 50 से अधिक शहरों में 75 से अधिक केंद्रों के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। यह प्लेटफॉर्म छात्रों को उत्कृष्ट संसाधनों, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और व्यापक शैक्षणिक सहयोग प्रदान करने के अपने मिशन पर दृढ़ बना हुआ है, जिससे वे प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में शीर्ष रैंक प्राप्त करने के अपने सपने को साकार कर सकें।

समस्तीपुर मंडल में मेगा टिकट जांच अभियान जारी

समस्तीपुर। संपूर्ण समस्तीपुर मंडल में सुबह 06:00 बजे से रात्रि 22:00 बजे तक विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान 2521 बिना टिकट यात्रियों को पकड़ा गया, जिससे रेलवे को 17.82 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। दरभंगा स्टेशन पर विशेष किलाबंदी (Fortress Check) अभियान भी चलाया गया, जिसके तहत स्टेशन के सभी प्रवेश द्वारों पर टिकट जांच कर्मियों एवं आरपीएफ जवानों को तैनात किया गया। इस कड़े जांच अभियान के दौरान 701 यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़ा गया, जिनसे 5.91 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा, आरक्षित कोचों में बिना आरक्षण यात्रा कर रहे यात्रियों को सामान्य श्रेणी के कोचों में स्थानांतरित किया गया। इस अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए आरपीएफ जवानों के साथ साथ दरभंगा दरभंगा सहित पूरे समस्तीपुर मंडल में 198 टीटीई को तैनात किया गया, जिन्होंने टिकट जांच एवं यात्रियों को उचित मार्गदर्शन देने का कार्य किया। रेलवे लगातार इस तरह के जांच अभियानों को जारी रखेगा ताकि बिना टिकट यात्रा पर रोक लगाई जा सके और उचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को सुविधाजनक यात्रा का अनुभव मिल सके। रेलवे यात्रियों से आग्रह करता है कि वे अपनी यात्रा के लिए सही टिकट लेकर ही स्टेशन एवं गाड़ियों में प्रवेश करें।

पुलिस उप महानिरीक्षक के द्वारा ठाकुरगंज थाना का किया निरीक्षण

किशनगंज। पूर्णिया रेंज के डीआईजी प्रमोद कुमार मंडल बुधवार को किशनगंज जिले के ठाकुरगंज पहुंचे। वही डीआईजी के पहुंचते ही जवानों ने उन्हें गॉड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद एसपी सागर कुमार ने डीआईजी का स्वागत गुलदस्ता भेंट कर किया। इसके बाद डीआईजी ने ठाकुरगंज थाना और कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय के कर्मियों के बारे में जानकारी ली। साथ ही तीव्र गति से संचिकाओं के निष्पादन का निर्देश दिया। कुछ देर बाद डीआईजी ने एसपी सागर कुमार की मौजूदगी में पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक के दौरान गंभीर मामलों में दर्ज कांडों के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। डीआईजी ने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गम्भीर मामलों में दर्ज कांडों के निष्पादन को गंभीरता से लें। डीआईजी हर हाल में स्थल पर जाकर केस का अनुसंधान करें। वैज्ञानिक तरीके के अनुसंधान को प्राथमिकता दें। डीआईजी प्रमोद कुमार मंडल कहा कि वहीं उन्होंने कहा कि जब हमने फाइल को हमने देखा तो उसमें कुछ दिक्कत पाई गई है वह विभागीय मामला है उन्होंने कहा कि एस एस बी के साथ सामंजिस बनाकर रेट करते हैं सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण और हर चीज पर नजर है हमारी वही माय ट्रक की व्यवस्था पर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि रास्ता छोटे है लोग ज्यादा है और लोगों ट्रैफिक सेंस की कमी है आप देखती होगी कुछ लोग रोड पर ही गाड़ियां लगा देते हैं इसलिए लगों को जागरू होना होगा मौके पर एसडीपीओ 2, सहित सर्किल इंस्पेक्टर व थानाध्यक्ष मौजूद थे।

एमडीए अभियान में चार लाख से अधिक लोगों ने खायी फाइलेरियारोधी दवा

» जिला का कवरेज 34 %, दस लाख से अधिक आबादी को खिलानी है दवा



जहानाबाद। जिला में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर फाइलेरियारोधी दवा सेवन कराने का काम किया जा रहा है। स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा कई जगहों पर दवा सेवन करने से इंकार करने वाले लोग भी मिल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के वरीय पदाधिकारियों द्वारा क्षेत्र भ्रमण कर इंकार करने वाले लोगों को समझा रहे हैं और दवा सेवन के लिए प्रेरित कर रहे हैं। कई क्षेत्रों में दवा सेवन करने से इंकार करने वाले लोग हाथीपांव से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर दवा का सेवन भी कर रहे हैं। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ विनोद ने बताया कि जिला में दवा सेवन से इंकार करने वाले लोगों को काफी समझाया जा रहा है। लोग दवा सेवन करने आगे आ रहे हैं। जिला में अब तक दवा सेवन के लक्षित आबादी का 34 प्रतिशत लोगों को दवा का सेवन कराया जा चुका है। दवा सेवन के लिए जिला की 10 लाख 68 हजार 30 आबादी को फाइलेरियारोधी दवा सेवन कराने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक चार लाख आठ हजार 373 लोगों ने दवा का सेवन कर लिया है। दवा सेवन कराने में हाथीपैर मरीजों द्वारा तैयार किये गये मरीज हितधारक मंच के सदस्य भी आगे आ रहे हैं। इस मंच में शामिल शिक्षक, वार्ड पार्षद, मुखिया सहित अन्य लोग दवा सेवन कर लोगों को दवा सेवन कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की सहयोगी संस्थाओं की मदद से क्षेत्र भ्रमण कर दवा सेवन कराने संबंधी कार्यों का अनुश्रवण कर इसकी रिपोर्ट जिला स्तरीय पदाधिकारियों को दी जा रही है। विभिन्न प्रखंडों तथा जिला स्तर पर वेक्टर बॉर्न डिजीज कंट्रोल विभाग के पदाधिकारियों की अध्यक्षता में शाम के समय प्रतिदिन स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों तथा सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ दवा सेवन कार्यों की नियमित बीफ्रींग की जा रही है तथा सभी आवश्यक डाटा को सुकृत्य एप्प पर अपलोड कराना भी सुनिश्चित किया जा रहा है। मखदुमपुर प्रखंड के डकरा पंचायत के साधुग्राम गांव में मरीज हितधारक मंच के सदस्य विलासमित्र बबीता देवी ने स्वयं दवा का सेवन कर गांव के तीस घरों में 170 से अधिक लोगों को फाइलेरिया की बीमारी के खतरों के बारे में जानकारी देकर दवा सेवन कराया।

अदाणी विल्मर ने 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' सर्टिफिकेशन हासिल किया

नई सोच एक्सप्रेस

मुंबई। भारत की सबसे बड़ी खाद्य और एफएमसीजी कंपनियों में से एक अदाणी विल्मर लिमिटेड (AWL) को लगातार आठवें साल 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' के रूप में मान्यता दी गई है। कंपनी ने अपने कर्मचारियों से सीधे फीडबैक के आधार पर एक व्यापक सर्वेक्षण के बाद यह सर्टिफिकेशन हासिल किया। यह असाधारण उपलब्धि ब्रांड को उन चुनिंदा संगठनों के समूह में शामिल करती है जो लगातार सकारात्मक और सहायक कार्य वातावरण को बढ़ावा देते हैं। इस साल की मान्यता को और भी उल्लेखनीय बनाने वाली बात यह है कि 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' सर्वेक्षण के सभी मापदंडों- यानी विश्वसनीयता, सम्मान, निष्पक्षता, गर्व और आपसी सहयोग- में अदाणी विल्मर के स्कोर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। ये परिणाम कर्मचारी कल्याण, विकास और जुड़ाव को प्राथमिकता देने के लिए कंपनी की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। व्यापक सर्वेक्षण में कंपनी के कर्मचारियों की भागीदारी दर 91% रही, जो अदाणी विल्मर में कर्मचारीyo ke अनुभव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करती है। श्री सिद्धार्थ घोष, मुख्य मानव संसाधन अधिकारी, अदाणी विल्मर लिमिटेड ने कहा,"हमें लगातार आठवें वर्ष 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' के रूप में मान्यता मिलने पर अविश्वसनीय रूप से गर्व है। यह लगातार मान्यता, हमारे स्कोर में सुधार के साथ मिलकर, एक ऐसा कार्यस्थल बनाने के हमारे निरंतर प्रयासों को उजागर करती है जहाँ हमारे कर्मचारी अपने आपको मूल्यवान, सम्मानित और सशक्त महसूस करते हैं। हम समावेशिता, नवाचार और विकास की संस्कृति को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, और यह सर्टिफिकेशन हमारे लोगों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। हमें विश्वास है कि, साथ मिलकर, हम 'Great Place To Work' बने रहेंगे।" अदाणी विल्मर लिमिटेड में, स्वामित्व और उद्यमशीलता की संस्कृति कर्मचारियों को उनकी भूमिकाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती है। कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना (ESOP) कर्मचारियों को कंपनी के दीर्घकालिक लक्ष्यों के साथ जोड़ने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में कार्य करती है। ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट द्वारा अदाणी विल्मर को लगातार मान्यता मिलना इस बात का प्रमाण है कि कंपनी अपने कर्मचारियों के लिए एक सकारात्मक और समृद्ध कार्यस्थल बनाने के प्रति प्रतिबद्ध है।

बिहार के दीप श्रेष्ठ भोजपुरीया अंदाज में "अभी ले कुछ हुआ ना" में एक बार फिर दिखे

नई सोच एक्सप्रेस



पटना। दीप श्रेष्ठ अपनी नई भोजपुरी गाना "अभी ले कुछ हुआ ना" गाने से पुनः अपनी गरिमा को, एक बार फिर सजाने संवारने के लिए निर्देशन और अभिनय के साथ शुरू किया है। ध्यातव्य है कि दीप श्रेष्ठ म्युजिक एल्बम में अभिनय और निर्देशन के लिए लोगों के बीच विडियो किंग के नाम से जाने जाते थे। दीप श्रेष्ठ ने भोजपुरी फिल्म जगत में कई रिकॉर्ड बनाये है। जिसमें "गवनवा ले जा राजा जी", "बलमा", "केकरा से कहॉं मिले जाला", "भोजौ हो काहती कही", "प्यार के रोग भईल", "बी ऐ कर के बकरी चरावताऽ" का कुशल निर्देशन शामिल है। भोजपुरी गाना "अभी ले कुछ हुआ ना" को स्वर दिया है नेपाल के मशहूर लोक गायक सुनील पण्डित, गीत लेखक दिनेश गुप्ता, संगीतकार मनोज बंटी, कोरियोग्राफर एडिटर शादिल ईशान और इस एल्बम के निर्देशक और कलाकार (नायक) हैं दीप श्रेष्ठ और नायिका हैं पुजा सिंह। भोजपुरी गाना "अभी ले कुछ हुआ ना" युटूब और ओ टी टी फेसबुक पर श्रेष्ठ मूवीज बैनर से रिलीज हो चुकी हैं। गाना भारत और नेपाल के भोजपुरी कलाकारों का संयुक्त प्रयास है। भारत- नेपाल की मैत्री की पहचान है। सुनील पण्डित ने जितना अच्छा गाना को स्वर दिया है। वहीं, दीप श्रेष्ठ ने अपना उत्कृष्ट अभिनय और निर्देशन से गाना में चारचांद लगा दिया है। इस प्रकार दीप श्रेष्ठ का निर्देशन और अभिनय गाना को सदाबहार बना दिया है। इस गाना को कैमरा कैद किया है कैमरामैन राजेश राढोअर। इनकी खुबसुरत फिल्मांकन के कारण भोजपुरी दर्शकों को बीच गाना काफी पसंद किया जा रहा है।

रियलमी ने रियलमी पी3 प्रो 5जी और पीउएक्स 5जी लॉन्च किया

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। रियलमी, जो भारतीय युवाओं का सबसे चहेता स्मार्टफोन ब्रांड है, उसने गर्व से रियलमी पी3 सीरीज 5जी पेश किया है। यह खासतौर से भारत के हिसाब से डिजाइन किया गया है। रियलमी पी3 प्रो 5जी और रियलमी पी3एक्स 5जी के साथ यह सीरीज भारतीय उपभोक्ताओं को अत्याधुनिक इनोवेशन पेश करने की अवधारणा का प्रदर्शन करती है। बेहतरीन परफ़ॉर्मेंस, ड्यूरेबिलिटी और स्टाइल पर केंद्रित रहते हुए ये स्मार्टफोन मिड-रेंज सेगमेंट में नए मानक स्थापित कर देंगे, जिससे अपने यूज़र्स को सेगमेंट-फर्स्ट इनोवेशन पेश करने की रियलमी की प्रतिबद्धता मजबूत होती है। रियलमी पी3 प्रो 5जी और रियलमी पी3एक्स 5जी की परफ़ॉर्मेंस को एक नया आयाम देते हुए इसके डिज़ाइन को भी आकर्षक बनाया गया है, जो उन्हें आज के प्रतिस्पर्धी बाजार में अलग बनाता है। रियलमी टेक्नोलॉजी में अग्रसर होने की प्रतिबद्धता को बनाए रखते हुए, दोनों डिवाइस शानदार कारीगरी, अत्याधुनिक फीचर्स और बेजोड़ मजबूती के साथ आधुनिक टेक्नोलॉजी प्रेमियों की जरूरतों को पूरा करती हैं। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, रियलमी के प्रवक्ता ने कहा कि, "हमें रियलमी पी3 प्रो 5जी और रियलमी पी3एक्स 5जी पेश करते हुए बहुत खुशी हो रही है, ये दोनों डिवाइस हमारे इनोवेशन और यूजर-केंद्रित डिज़ाइन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। हम रियलमी पी3 सीरीज 5जी को फ्लिपकार्ट पर लाने के लिए बहुत उत्साहित हैं, यह हमारे ग्राहकों को नए इनोवेशन के साथ-साथ बेहतरीन परफ़ॉर्मेंस देने का वादा करते हैं।

गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप ने इटली की कंपनी बिसियाच एंड कैरू के साथ की साझेदारी

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के अंग गोदरेज एंड बॉयस के टूलिंग व्यवसाय ने भारत में उन्नत रेलवे और एयरोस्पेस उपकरण बनाने के लिए इटली की स्वचालन विशेषज्ञ (ऑटोमेशन स्पेशलिस्ट) कंपनी, बिसियाच एंड कैरू (Bisiach & Carru) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। यह रणनीतिक साझेदारी भारत की विनिर्माण क्षमता के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और सरकार की मेक इन इंडिया पहल का समर्थन करती है। यह गठजोड़ शुरू में उच्च स्थानीय विनिर्माण प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करेगा और फिर क्षमता विकास के साथ इसे आगे बढ़ाने की योजना है। गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के टूलिंग व्यवसाय के कार्यकारी उपाध्यक्ष और बिजनेस हेड पंकज अभयंकर ने कहा, "बिसियाच एंड कैरू (Bisiach & Carru) के साथ हमारी भागीदारी रेलवे और एयरोस्पेस उपकरणों में उन्नत स्वचालन (ऑटोमेशन) और प्रेसिज़न इंजीनियरिंग की शुरुआत कर भारत के विनिर्माण परितंत्र को मज़बूत करती है। बीएंडसी (B&C) की वैश्विक क्षमताओं के साथ अपनी विशेषज्ञता को जोड़कर, हम भारत की उभरती हुई बुनियादी ढांचा आवश्यकताओं के अनुरूप विश्व स्तरीय समाधान ला रहे हैं। यह सहयोग स्थानीय विनिर्माण प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के स्पष्ट खाके के साथ 'मेक इन इंडिया' दृष्टिकोण के अनुरूप है। इसके ज़रिये हमारा लक्ष्य है, महत्वपूर्ण उद्योगों में लागत प्रतिस्पर्धात्मकता, दक्षता, गुणवत्ता और प्रौद्योगिकी नवोन्मेष बढ़ाना।" यह रणनीतिक गठजोड़ भारत के विनिर्माण विकास के लिहाज़ से उल्लेखनीय मौके पर हुआ है, जो महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लिए देश के प्रयास के अनुरूप है। यह गठजोड़ भारतीय रेलवे, मेट्रो परियोजनाओं और एयरोस्पेस उद्योग की तेज़ी से बढ़ती ज़रूरतों को पूरा करेगी। ये ऐसे क्षेत्र जो भारत के बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकी उन्नति की रीढ़ हैं। इस भागीदारी के तहत उन्नत रोबोटिक स्पॉट वेल्डिंग प्रणाली सहित परिष्कृत उपकरण का निर्माण किया जाएगा, जिससे उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता बढ़ेगी। साथ ही उच्च परिशुद्धता (प्रेसिज़न) वाले जिग्स और फिक्स्चर बनेंगे जो कोच निर्माण में असाधारण सटीकता सुनिश्चित करेंगे, भारत की विनिर्माण से जुड़ी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार विशेष स्वचालन समाधान (ऑटोमेशन सॉल्यूशन) और अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों को पूरा करने वाली अत्याधुनिक असेंबली मशीनरी तैयार होगी।

गोदरेज एंटरप्राइज ग्रुप के 'हैप्पीनेस सर्वे' के मुताबिक घरेलू सुरक्षा के उल्लंघन के शिकार 98% लोगों की खुशी प्रभावित हुई

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। सुरक्षा सिर्फ बस प्रतिकूल परिस्थितियों से अपनी रक्षा का नाम नहीं बल्कि यह मन की शांति और स्थायी खुशी का आधार है। गोदरेज एंटरप्राइज ग्रुप के सुरक्षा समाधान व्यवसाय (सिक्योरिटी सॉल्यूशंस बिज़नेस) द्वारा किए गए ताज़ातरीन 'हैप्पीनेस सर्वे' से पता चलता है कि जिन लोगों के घर की सुरक्षा का उल्लंघन हुआ और उनमें से 98% ने बताया कि इससे उनके समग्र सुरक्षा भाव और खुशी पर सीधा असर पड़ा है। इससे भी ज़्यादा चिंताजनक बात यह है कि इनमें से 56% उत्तरदाताओं ने माना कि ऐसे उल्लंघन का उनके स्वास्थ्य पर बहुत अधिक असर हुआ। गोदरेज एंटरप्राइज ग्रुप के सिक्योरिटी सॉल्यूशंस बिज़नेस के ईवीपी और बिजनेस हेड, श्री पुष्कर गोखले ने इन निष्कर्षों पर अपनी टिप्पणी में कहा, "हमारे सर्वेक्षण के निष्कर्षों में सुरक्षा और खुशी के बीच मजबूत संबंध स्पष्ट है। सुरक्षित वातावरण खुशहाल और अपेक्षाकृत अधिक आत्मविश्वासी समाज को बढ़ावा देता है। सुरक्षा प्रौद्योगिकी को अपनाना सिर्फ चलन भर नहीं है, बल्कि यह बेहतर जीवन से जुड़ी प्रमुख आवश्यकता है। गोदरेज में, हम ऐसे नए-नए उपाय पेश करते रहते हैं जो लोगों को सबसे महत्वपूर्ण चीज़ों की सुरक्षा करने के लिए सशक्त बनाते हैं, ताकि वे खुशहाल, चिंता मुक्त जीवन जी सकें।" सुरक्षा का मतलब सिर्फ शारीरिक सुरक्षा नहीं है। यह सीधे-सीधे भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य से जुड़ी है। जब व्यक्ति असुरक्षित महसूस करता है, तो यह उसके दैनिक जीवन, उत्पादकता और मानसिक शांति को प्रभावित करता है। सर्वेक्षण के निष्कर्ष इस बात को रेखांकित करते हैं कि घर की सुरक्षा सुनिश्चित करना सच्ची खुशी प्राप्त करने की दिशा में एक बुनियादी कदम है। चाहे वह घर की सुरक्षा हो, कीमती सामान की सुरक्षा हो या बस दैनिक दिनचर्या में आत्मविश्वास पैदा करना हो, घर की सुरक्षा व्यक्ति की समग्र भलाई की भावना को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सर्वेक्षण के निष्कर्ष से ज़ाहिर होता है कि लोग जागरूक हुए हैं, क्योंकि अब ज़्यादा लोग सुरक्षा के सक्रिय उपायों का महत्व स्वीकार करते हैं। एआई-समर्थित निगरानी कैमरे, अलार्म सिस्टम और स्मार्ट वीडियो डोर फोन जैसे आधुनिक सुरक्षा समाधानों के लिए प्राथमिकता एकीकृत सुरक्षा समाधानों की ओर बढ़ते झुकाव का संकेत है जो संभावित खतरों से तुरंत सुरक्षा और रोकथाम कर पाने की सुविधा प्रदान करते हैं। सुरक्षा के खुशी का पर्याय बन जाने के मद्देनज़र लोगों, परिवारों और समुदायों को अपने वातावरण को मज़बूत बनाने के लिए सक्रिय कदम उठाने चाहिए। गोदरेज एंटरप्राइज ग्रुप का सुरक्षा समाधान व्यवसाय (सिक्योरिटी सॉल्यूशंस बिज़नेस) जागरूकता बढ़ाने और लोगों को सुरक्षा को दीर्घकालिक शांति और खुशी में तब्दील करने लिए आवश्यक उपकरणों से लैस करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बेलवतिया के टीम ने श्रीपुर को हराया

नई सोच एक्सप्रेस

सुगौली। प्रखंड क्षेत्र के लाल परसा सिकरहना नदी पुल के नीचे बीसीसी बेलवतीया क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का आयोजन किया गया। मैच का उद्घाटन बेलबतिया के मुखिया असाफक अहमद के द्वारा फीता काटकर किया गया। खिलाड़ियों से परिचय पत्र करते हुए मुखिया ने कहा कि खेल एक भाईचारा है। सभी को एक दूसरे से मिलकर खेलना चाहिए। हार और जीत तो होनी है। कोई एक जीतेगा तो कोई एक हारेगा। पहला मैच बेलवतिया व श्रीपुर के बीच खेला गया। बेलावतीया के टीम ने 125 रन बनाई जवाब में उत्तरी श्रीपुर के टीम ने 87 रंग पर ऑल आउट हो गई। मैच की विजेता बेलवतिया के टीम हुई। मौके पर असफाक आलम, प्रकाश गुप्ता, अनुसारूल हक,रूसमा खातून, मोहम्मद शफी आदि लोग मौजूद रहे।

इंडसइंड बैंक ने प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया के साथआधिकारिक बैंकिंग पार्टनर के रूप में की साझेदारी

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। इंडसइंड बैंक ने आज अपने आधिकारिक बैंकिंग पार्टनर केरूप में प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) के साथ साझेदारी कीघोषणा की है। यह सहयोग पायनियर बैंकिंग के तहत अपने अल्ट्रा हाई नेट वर्थइंडिविजुअल्स (यूएनएचआई) और हाई नेट वर्थ इंडिविजुअल्स (एचएनआई) को एकबेहतरीन अनुभव प्रदान करने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को दिखाता है। यह साझेदारीपिछले कुछ वर्षों में इंडसइंड बैंक द्वारा की गई विभिन्न पहलों का विस्तार हैजो न केवल यूएनएचआई और एचएनआई की विविध बैंकिंग आवश्यकताओं को पूराकरती है, बल्कि उनकी लाइफस्टाइल और जीवन जीने के तरीके, विशेष रूप से खेलके क्षेत्र में, के अनुरूप मूल्यवर्धित प्रीमियम अनुभव भी प्रदान करती है। इंडसइंड बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री सुमंतकठपालिया ने कहा, इंडसइंडबैंक ने हमेशा ग्राहकों को अपने हर काम के केंद्र में रखने और अपने ग्राहकोंको एक ऐसा अनुभव प्रदान करने में विश्वास किया है, जो सिर्फ़ बैंकिंग से कहींबढ़कर है। ग्राहकों के हर संभव टच-पॉइंट पर अनुभव को एकीकृत करने काहमारा दृढ़ दर्शन है। गोल्फ एक लाइफस्टाइल खेल है, और पीजीटीआई के साथइंडसइंड बैंक का सहयोग लाइफस्टाइल बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के हमारे निरंतर प्रयासमें एक और कदम है। हम देश में पेशेवर गोल्फ को बढ़ावा देने के लिएप्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया के आधिकारिक बैंकिंग पार्टनर के रूप में जुड़करखुश हैं।एक स्पेशल बैंकिंग पार्टनर के रूप में, बैंक पूरेटूर्नामेंट में पीजीटीआई कार्यक्रमों का सक्रिय रूप से समर्थन करेगा, जिससे खेल कीपहुंच को बढ़ाने और भारत के पेशेवर गोल्फिंग परिदृश्य को मजबूत करने मेंयोगदान मिलेगा। कपिल देव, अध्यक्ष - पीजीटीआई और क्रिकेट के दिग्गज, अमनदीपजोहल, सीईओ - पीजीटीआई के नेतृत्व में, इस दौरे में पूरे वर्ष 20से अधिक टूर्नामेंट आयोजित किए जाएंगे। इस साझेदारी के तहत, इंडसइंड बैंक केपायनियर ग्राहकों को टूर्नामेंट शहरों में विभिन्न जुड़ाव गतिविधियों में भागलेने का मौका मिलता है।

होंडा ने लॉन्च की ओबीडी2बी कंप्लायंट हॉर्नेट 2.0

नई सोच एक्सप्रेस



पटना। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने अपडेटेड ओबीडी2बी कंप्लायंट हॉर्नेट 2.0 को लॉन्च किया, जो आधुनिक स्टाइलिंग, नवीनतम तकनीक और बेहतर सुरक्षा फीचर्स के साथ आती है। नई 2025 होंडा हॉर्नेट 2.0 की कीमत रु. 1,56,953 (एक्स-शोरूम, दिल्ली) रखी गई है और यह अब पूरे भारत में एचएमएसआई रेड विंग और बिगविंग डीलरशिप पर उपलब्ध है। अपडेटेड हॉर्नेट 2.0 को पेश करते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के प्रबंध निदेशक, अध्यक्ष और सीईओ, त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, "अगस्त 2020 में पहली बार पेश किए जाने के बाद से ही हॉर्नेट 2.0 इस सेगमेंट में गेम-चेंजर रही है। वर्षों से, हमने इस मोटरसाइकिल को लगातार अपडेट किया है और स्पेशल मोटोजीपी एडिशन मॉडल भी लॉन्च किए, जिन्हें हमारे ग्राहकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। नई ओबीडी2बी कंप्लायंट हॉर्नेट 2.0 के साथ, हम इस विरासत को आगे बढ़ाने का लक्ष्य रखते हैं, जो अधिक रिफाइंड राइडिंग अनुभव, अत्याधुनिक तकनीक और उन्नत सुरक्षा फीचर्स प्रदान करती है।" इस घोषणा पर टिप्पणी करते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के निदेशक, सेल्स और मार्केटिंग, योगेश माथुर ने कहा, "हम हॉर्नेट 2.0 के नवीनतम संस्करण को पेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं, जो नए और रोमांचक फीचर्स के साथ आता है। इस मोटरसाइकिल में अब अधिक आक्रामक ग्राफिक्स, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी के साथ एक उन्नत डिजिटल टीएफटी डिस्प्ले, और होंडा सेलेक्टेबल टॉर्क कंट्रोल और डुअल-चैनल एबीएस जैसी सुरक्षा सुविधाएँ हैं। प्रदर्शन प्रेमियों के लिए डिज़ाइन की गई यह बाइक, स्ट्रीट फाइटर अनुभव को नए आयाम पर ले जाने के लिए तैयार है।"

गुरुकुलीय शिक्षा का राष्ट्र निर्माण में योगदान

आरती कुमारी

स्वामी दयानंद जी महाराज पहले महापुरुष थे, जिन्होंने अंग्रेजों की शिक्षा प्रणाली का पहले दिन से विरोध करना आरंभ किया था। उन्होंने देश के लोगों को लॉर्ड मैकाले की शिक्षा नीति से दूर रहने का परामर्श देते हुए गुरुकुलीय शिक्षा प्रणाली के साथ जुड़ने का आवाहन किया था। इसके पीछे उनका एक ही उद्देश्य था कि यदि हमने लॉर्ड मैकाले की शिक्षा नीति को अपना लिया तो हम अपने अस्तित्व को नहीं बचा पाएंगे। अपने अस्तित्व को बचाने के लिए आवश्यक है कि अपने गुरुकुलों के साथ हम गहराई से जुड़े रहें। अपने मंतव्य को स्पष्ट करते हुए स्वामी जी महाराज ने अपने अमर ग्रंथ ' सत्यार्थ प्रकाश ' में भारत की प्राचीन शिक्षा नीति का उल्लेख करते हुए गुरुकुलों की स्थापना पर जोर दिया। भारत की गुरुकुलीय शिक्षा प्रणाली ने संपूर्ण मानवता को एक सूत्र में पिरोने का सराहनीय कार्य किया। यही कारण है कि सृष्टि प्रारंभ से लेकर करोड़ों वर्ष तक भारत की यही शिक्षा नीति संपूर्ण संसार में लागू रही। इसी शिक्षा प्रणाली ने भारत को अनेक वैज्ञानिक ऋषि प्रदान किए, अनेक उत्कृष्ट साहित्यकार प्रदान किये, अनेक क्रांतिकारी चक्रवर्ती सम्राट प्रदान किये। इसी शिक्षा प्रणाली को जीवंत बनाए रखने के लिए तक्षशिला नालंदा जैसे अनेक विश्वविद्यालय भारत में स्थापित रहे। जिन्होंने चिरकाल तक मानवता का मार्गदर्शन किया। भारत की उन्नति का रहस्य जब विदेशी आक्रांताओं को समझ में आया तो उन्होंने भारत के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के केंद्र बन गए गुरुकुलों को नष्ट करने और उनमें रखी उत्कृष्ट सामग्री को नष्ट करने का मानवीय कृत्य किया। लॉर्ड मैकाले ने भी 1835 ईस्वी में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को नष्ट करने के उद्देश्य से प्रेरित होकर अंग्रेजी शिक्षा प्रणाली लागू करने का कार्य किया। स्वामी दयानंद जी महाराज अंग्रेजों से पूर्व में देश पर बलात शासन करने वाले मुगलों और तुर्कों की नीति रणनीति को समझ चुके थे। जिन्होंने गुरुकुलों के स्थान पर मदरसे स्थापित कर भारत की संस्कृत और संस्कृति को मिटाने का अपराध किया था। स्वामी जी महाराज ने इस बात को गहराई से समझा कि यदि भारत को वेदों की ओर लौटाना है तो उसका माध्यम केवल गुरुकुल ही हो सकते हैं। यही कारण था कि उन्होंने लॉर्ड मैकाले की शिक्षा नीति का विरोध करते हुए लोगों को अपनी संस्कृत और संस्कृति से जोड़ने के लिए गुरुकुलों की ओर लौटने काआवाहन किया। स्वामी जी जानते थे कि भारत के वैदिक वांग्मय से परिचित होकर ही लोग स्वदेशी, स्वराष्ट्र , स्वसंस्कृति और स्वराज्य के प्रति समर्पित हो सकते हैं। यही कारण है कि स्वामी जी महाराज ने ' सत्यार्थ प्रकाश ' के तीसरे समुल्लास में गुरुकुलीय शिक्षा प्रणाली पर विशेष प्रकाश डाला है। स्वामी जी की राष्ट्रभक्ति और अपनी संस्कृति के प्रति पूर्ण समर्पण की उत्कृष्ट भावना के चलते भारत के लोगों ने लॉर्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति का पूर्णतया बहिष्कार किया। जिसका परिणाम यह हुआ कि लॉर्ड मैकाले की शिक्षा नीति के लागू होने के लगभग 100 वर्ष पश्चात 1931 की जनगणना में अंग्रेजों ने जब भारत के पढ़े-लिखे लोगों का आंकड़ा जारी किया तो उस समय की जनसंख्या में से कुल 3 लाख लोग ही अंग्रेजी पढ़े – लिखे निकले । शेष सभी लोगों को उन्होंने निरक्षर और अनपढ़ घोषित कर दिया। 1931 की जनगणना के इस आंकड़े को सही दृष्टिकोण से पढ़ने की आवश्यकता है। यदि उस समय केवल 3 लाख लोग ही अंग्रेजी पढ़े लिखे थे तो मानना चाहिए कि स्वामी दयानंद जी का जादू लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा था। जिसके चलते वे बड़ी संख्या में गुरुकुलों में जाकर विद्या अध्ययन कर रहे थे। स्वामी दयानंद जी महाराज के गुरुकुलीय शिक्षा प्रणाली के साथ जुड़ने के सपने को साकार करने में स्वामी श्रद्धानंद जी महाराज ने विशेष भूमिका निभाई। जिन्होंने 1902 में आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के साथ मिलकर हरिद्वार के कांगड़ी नामक गांव में गुरुकुल की स्थापना की। इस गुरुकुल ने अनेक क्रांतिकारी तैयार किए। अंग्रेज उस समय इस गुरुकुल को ' क्रांतिकारियों का कारखाना' कहने लगे थे। गुरुकुल से ब्रह्मचारी निकलकर जिस प्रकार देश के लिए काम करता था , उससे अंग्रेजों की नींद हराम हो जाती थी। गुरुकुल से निकलने वाले ब्रह्मचारियों ने देश में क्रांतिकारी आंदोलन को बहुत ही तीव्रता के साथ विस्तार दिया। यही कारण है कि देश की स्वाधीनता के लिए संघर्ष कर रहे क्रांतिकारियों की कुल संख्या में से 85% गुरुकुल के विद्यार्थी अर्थात आर्य समाज से जुड़े हुए लोग रहे। गुरुकुल के इन ब्रह्मचारियों ने अनेक ग्रन्थों की भी रचना की। जिससे वैदिक वांग्मय को समृद्ध करने में बड़ी सहायता मिली। लोगों को अपने महान पूर्वजों की बौद्धिक धरोहर के साथ जुड़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। अनेक विद्वानों ने देश के भीतर फैली हुई कुरीतियों को दूर करने का सराहनीय प्रयास किया। जबकि अनेक विद्वान ऐसे हुए जिन्होंने विधर्मियों को शास्त्रार्थ के लिए खुली चुनौती दी और जो लोग भारत के लोगों का धड़ाधड़ धर्मांतरण कर अपनी संख्या बढ़ा रहे थे, उनकी मजहबी मान्यताओं के खोखलेपन को सरे बाजार चौराहे पर फोड़ने में किसी प्रकार का संकोच नहीं किया। जिससे हताशा और निराशा की शिकार बनी हिंदू जाति को बहुत संबल मिला। भारत के गुरुकुलों ने भारत के वेद मत को सर्वोपरि सिद्ध करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। भारत के अनेक लोग जब पश्चिम के खोखले ग्रन्थों और इस्लाम की खोखली मान्यताओं का शिकार बन रहे थे, तब तेजी से भागती हुई लोगों की उस भीड़ को आर्य समाज ने रोकने का काम किया। इतना ही नहीं, स्वामी श्रद्धानंद जी महाराज ने तो ' शुद्धि आंदोलन ' चलाकर इस बात को अति सरल कर दिया कि जो लोग ' घर वापसी' करना चाहते हैं, वे लौटकर अपने घर अर्थात हिंदू समाज में आ सकते हैं। स्वामी दयानंद जी महाराज के ' सत्यार्थ प्रकाश' को अपने लिए प्रेरणा ग्रंथ मानकर अनेक क्रांतिकारी योद्धाओं ने देश के लिए समर्पित होकर कार्य किया । जहां कुछ लोगों ने देश की जेलों में जाकर अनेक प्रकार की यातनाएं सहीं, वहीं कुछ ऐसे महारथी भी रहे, जिन्होंने स्वामी जी के ' सत्यार्थ प्रकाश' के आधार पर समाज की जेल में पड़े अनेक लोगों को पाखंडियों और विधर्मियों के अत्याचारों से मुक्त करने का कार्य करना आरंभ किया। इस प्रकार गुरुकुल के पढ़े ब्रह्मचारियों ने कई मोर्चे एक साथ खोले और प्रत्येक मोर्चे पर बड़ी संख्या में योद्धाओं के रूप में जमकर खड़े हो गए। जिनका सामना सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर कोई भी शक्ति कर नहीं पाई। भारत की स्वाधीनता के लिए काम कर रही क्रांतिकारी विचारधारा में जहां स्वामी श्रद्धानंद जी, भाई परमानंद जी, लाला हरदयाल जी, श्याम जी कृष्ण वर्मा, महादेव गोविंद रानाडे, बाल गंगाधर तिलक जैसे अनेक क्रांतिकारी गुरुकुलों से मिली ऊर्जा शक्ति का राष्ट्रहित में विस्तार कर रहे थे, वहीं गोखले जी जैसे नरमपंथी विचारधारा के लोग भी स्वामी दयानंद जी के विचारों से अछूते नहीं थे। जहां राम प्रसाद बिस्मिल और सरदार भगत सिंह जैसे क्रांतिकारी गुरुकुलीय शिक्षा प्रणाली पर बल देने वाले आर्य समाज को अपनी मां मानते थे, वहीं नेताजी सुभाष चंद्र बोस भी आर्य समाज को बड़े गर्व के साथ अपनी मां कहते थे। भारत के गुरुकुलों ने भारत की स्वाधीनता को दिलाने में अपना अप्रतिम योगदान दिया। स्वामी दयानंद जी महाराज ने मनुस्मृति के राजधर्म विषयक चिंतन को ' सत्यार्थ प्रकाश' में विशेष स्थान दिया। इसके पीछे उनका मंतव्य यही था कि भारत की राजनीति महर्षि मनु के सिद्धांतों से प्रेरित होनी चाहिए। हमारा मानना है कि स्वामी दयानंद जी महाराज के विशेष चिंतन और परिश्रम का ही परिणाम रहा कि चाहे भारतीय संविधान में कितनी ही विदेशी मनीषा को स्थान क्यों न दे दिया गया हो, परंतु इस सबके उपरांत भी उस पर स्वामी जी के विचारों का प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष प्रभाव है। गुरुकुलों ने वेद, धर्म, संस्कृति और भारतीय राष्ट्र की परंपराओं को बचाए रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। स्वामी श्रद्धानन्द जी, की जीवनी गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के ही एक वरिष्ठ स्नातक, यशस्वी पत्रकार एवं स्वतन्त्रता सेनानी पं. सत्यदेव विद्यालंकार ने लिखी है। इसमें पं. सत्यदेव विद्यालंकार जी लिखते हैं कि समाज के गुरुकुल की प्रगति में अनेक बाधाओं में से एक बाधा गुरुकुल के मार्ग में सरकार की सन्देहास्पद दृष्टि थी। वे लिखते हैं कि – ''आर्यसमाज के संगठन में अभी जो महत्वपूर्ण विकास हुआ है, वह वास्तव में सरकार के लिए बहुत बड़े संकट का स्रोत है। वह विकास है गुरुकुल-शिक्षा-प्रणाली। इस प्रणाली में चाहे कितने ही दोष क्यों न हों, किन्तु भक्ति-भाव और बलिदान की उच्च भावना से प्रेरित जोशीले धर्मपरायण व्यक्तियों का दल तैयार करने का यह सबसे सुगम और उपयुक्त साधन है, क्योंकि यहीं आठ बरस की ही आयु में बालकों को माता-पिता के प्रभाव से बिल्कुल दूर रखकर त्याग, तपस्या और भक्तिभाव के वायुमण्डल में उनके जीवन को कुछ निश्चित सिद्धान्तों के अनुसार ढाला जाता है, जिससे उनके रग-रग में श्रद्धा और आत्मोत्सर्ग की भावना घर कर जाती है। यदि इस प्रकार की शिक्षा का क्रम आर्यसमाज के सुयोग्य और उत्साही नेताओं की सीधी देख-रेख में बालकों की उस सत्रह वर्ष की आयु तक बराबर जारी रहा, जो कि मनुष्य के जीवन में सबसे अधिक प्रभावग्राही समय है, तो इस पद्धति से जो युवक तैयार होंगे, वे सरकार के लिए अत्यन्त भयानक होगे। उनमें वह शक्ति होगी जो इस समय के आर्यसमाजी उपदेशकों में नहीं है। उनमें पैदा हुआ व्यक्तिगत दृढ़ विश्वास और अपने सिद्धान्त के लिए कष्ट-सहन करने की भावना, अपितु समय आने पर प्राणों तक को न्यौछावर कर देना, साधारण जनता पर बहुत गहरा प्रभाव डालेगा। इससे उनको अनायास ही ऐसे अनगिनत साक्षी मिल जायेंगे जो उनके मार्ग का अवलम्बन करेंगे और उनसे भी अधिक उत्साह से काम करेंगे। यह याद रखना चाहिये कि उनका उद्देश्य सारे भारत में एक ऐसे जाति-धर्म की स्थापना करना होगा, जिससे सारे हिन्दू एक भातृभाव की श्रृंखला में बन्ध जायेंगे। वे सब दयानन्द के 'सत्यार्थप्रकाश' के ग्यारहवें समुल्लास की इस आज्ञा का पालन करेंगे कि श्रद्धा और प्रेम से अपने तन, मन-धन-सर्वस्व को देश हित के लिए अर्पण कर दो।" इस उद्धरण से स्पष्ट है कि भारत में राष्ट्रवाद की बयार को तेजी से बहाने में गुरुकुलों ने विशेष योगदान दिया। भारत को भारत के रूप में समझने में हमें गुरुकुलों ने ही सहयोग दिया। भारत के गौरवशाली अतीत को पुनर्स्थापित करने में भी गुरुकुलों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिससे प्रेरित होकर लोगों को अपने पूर्वजों के महान कार्यों पर गर्व और गौरव का बोध हुआ। भारत ने निद्रा को छोड़कर क्रांति पथ पर आगे बढ़ना आरंभ किया और भारत की स्वाधीनता के लिए अब से पूर्व जिन महान क्रांतिकारी योद्धाओं ने अपने बलिदान दिए थे, उनके बलिदानों का स्मरण कर लोग स्वयं भी बलिदान देने के लिए तैयार हो गए। 1947 में भारत की स्वाधीनता के समय ब्रिटेन के प्रधानमंत्री रहे लॉर्ड एटली बाद में 1965 में जब भारत में अपनी निजी यात्रा पर आए तो उनसे पूछा गया था कि क्या उन्होंने गांधी की अहिंसा से भयभीत होकर भारत को आजाद किया था या कोई अन्य कारण था ? तब उन्होंने कहा था कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में जिस प्रकार क्रांतिकारी लोग निरंतर आगे बढ़ते जा रहे थे और देश की सेना जिस प्रकार क्रांतिकारियों का साथ दे रही थी, उससे भयभीत होकर हमें भारत छोड़ना पड़ा था। इसे आप वास्तव में क्रांतिकारियों के भय के साथ साथ गुरुकुलीय शिक्षा प्रणाली से उत्पन्न हुए उन वीर देशभक्तों का भय भी सकते हैं, जिन्होंने अपना जीना – मरना सब कुछ देश के लिए समर्पित कर दिया था। उपरोक्त विद्वान लेखक हमें यह भी बताते हैं कि -''सरकार के लिए सबसे अधिक विचारणीय प्रश्न यह है कि इस समय आर्यसमाज के गुरुकुल में शिक्षा प्राप्त करने वाले उपदेशकों (ब्रह्मचारियों) का शिक्षा समाप्त करने के बाद सरकार के प्रति क्या रुख होगा ? इस समय के उपदेशकों की अपेक्षा वे किसी और ही ढांचे में ढले हुए होंगे। जिस धर्म का वे प्रचार करेंगे, उसका आधार व्यक्तिगत विश्वास एवं श्रद्धा होगी, जिसका जनता पर सहज में बहुत प्रभाव पड़ेगा। उनके प्रचार में मक्कारी, सन्देह, समझौता और भय की गन्ध भी न होगी और सर्वसाधारण के हृदय पर उसका सीधा असर पड़ेगा।"

सूडोकु नवताल- 7347

★★★ मध्यम

			1					6
7		2		5				9
		4			2	7	5	
5	7				9		1	8
				6				
6	1		3				2	4
	5	1	9			8		
2				8		9		1
9					3			

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7346 का हल

1	9	3	2	4	6	5	8	7
4	7	2	5	1	8	3	6	9
6	5	8	7	3	9	1	2	4
3	8	9	4	5	1	2	7	6
2	4	7	6	9	3	8	1	5
5	1	6	8	7	2	4	9	3
8	2	4	9	6	5	7	3	1
7	6	1	3	2	4	9	5	8
9	3	5	1	8	7	6	4	2

वैश्विक स्तर पर मोदी और प्रादेशिक फलक पर डंका बजाते मोहन

अरुण पटेल

एक ओर जहां अमेरिका सहित वैश्विक स्तर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का डंका बज रहा है तो वहीं प्रदेश के फलक पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव प्रदेश को औद्योगिक हब बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और मुख्यमंत्री को पक्का भरोसा है कि उद्योगों के प्रति मित्रवत नीति एवं नवाचार से प्रदेश में निवेश के विस्तार को पंख लग जायेंगे और यह एक नया औद्योगिक हब बनेगा। अभी तक मध्यप्रदेश की औद्योगिक और आर्थिक राजधानी के रुप में इंदौर तथा संस्कारधानी के रुप में जबलपुर की पहचान थी, अब औद्योगिक राजधानी के रुप में ताल-तलैयों व शैल-शिखरों की नगरी भोपाल को भी एक नई पहचान मिलने जा रही है। इन प्रयासों को जमीनी धरातल पर उतारने में डॉ. यादव महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की व्हाइट हाउस में बड़े ही गर्मजोशी के साथ मुलाकात हुई और न केवल दोनों ने एक-दूसरे को गले लगाया बल्कि ट्रम्प ने यह भी माना कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को मिस किया है। टेरिफ मामले को लेकर मोदी की प्रशंसा प् करते हुए उन्होंने मोदी को एक टफ नेगोशिएटर निरुपित किया। इस अवसर हुई बैठक में भारत-अमेरिका व्यापार, रक्षा सहयोग और आतंकवाद विरोधी रणनीति के साथ ही साथ ऊर्जा साझेदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि दोनों देशों ने अगले पांच वर्षों में आपसी व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा और रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूत धरातल पर उतारने के मामले में अपनी सहमति जताई। अमेरिका और भारत ने इस्लामिक आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करने का फैसला किया है और दोनों देशों ने आतंकवादी संगठनों के वित्त पोषण को रोकने, खुफिया जानकारी साझा करने, वैश्विक आतंकवाद को राकने में सहयोग बढ़ाने की बात कही। ट्रम्प का कहना था कि कट्टरपंथी आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए खतरा है और इसे रोकने के लिए दोनों देशों का गठबंधन महत्वपूर्ण होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की कि अमेरिका में भारतीय समुदाय की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए लॉस एंजिलिस और बॉस्टन में नये भारतीय वाणिज्य दूतावास खोले जायेंगे। इससे भारतीय प्रवासियों को कांसुलर सेवाओं का लाभ मिलेगा और दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और व्यावसायिक संबंध और मजबूत होंगे।

अडानी मामले में मोदी-राहुल आमने-सामने- अमेरिका में अडानी समूह को लेकर पूछे गये सवाल पर मोदी ने जो उत्तर दिया उसको लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि देश में सवाल पूछो तो चुप्पी और विदेश में पूछो तो निजी मामला। अमेरिका में भी पीएम मोदी ने अडानी के भ्रष्टाचार पर पर्दा डाल दिया। जब मित्र की जेब भरना मोदी के लिए राष्ट्र निर्माण है तब रिश्वतखोरी और देश की सम्पत्ति को लूटना व्यक्तिगत मामला बन जाता है। अमेरिका में जब मीडिया के सामने ट्रम्प और मोदी रुबरु हो रहे थे उस समय अडानी समूह को लेकर अमेरिका में चल रहे विवाद पर सवाल किया गया कि क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ कारोबारी गौतम अडानी के खिलाफ मामले पर चर्चा हुई है, तब मोदी का उत्तर था कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और हमारी संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम की है, दुनिया को हम एक परिवार मानते हैं, हर भारतीय को भी मैं अपना मानता हूं, ऐसे व्यक्तिगत मामलों के लिए दो देशों के मुखिया न मिलते हैं न बैठते हैं न बात करते हैं।

न्यायिक अकादमी में धनखड़- न्यायिक अकादमी में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने साफतौर पर कहा कि हम एक सम्प्रभु राष्ट्र हैं, हमारी सम्प्रभुता लोगों में निहित है। लोगों द्वारा दिया गया संविधान इस सम्प्रभुता को अभेद्य बनाता है। किसी भी कार्यकारी नियुक्ति में भारत के मुख्य न्यायाधीश को कैसे शामिल कर सकते हैं, हमारे देश में या किसी भी लोकतंत्र में क्या कोई कानूनी तर्क हो सकता है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश को सीबीआई निदेशक के चयन में भागीदारी करनी चाहिये। क्या इसके लिए कोई कानूनी आधार हो सकता है मैं समझ सकता हूं कि यह विधायी प्रावधान इसलिए अस्तित्व में आया कि उस समयझ की कार्यकारी सरकार ने न्यायिक निर्णय को स्वीकार किया, लेकिन अब समय आ गया है कि इसे फिर से देखा जाए। धनखड़ का कहना था कि हमारा संविधान सामंजस्य और सहकारी दृष्टिकोण की कल्पना करता है, न्यायिक सम्मान और विनम्रता यह मांग करती है कि ये संस्थाएं परिभा.

मेष राशि : आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आप किसी बात को लेकर थोड़े उलझन में रहेंगे। आज आपके मन में कुछ नया करने की इच्छाएं जागृत होंगी। किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए परिस्थिति के अनुसार अपना व्यवहार रखें। इस राशि के छात्रों आज किसी प्रतियोगी परीक्षा के लिए फार्म भरने का मन बनायेंगे। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बनेगा।

वृष राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस में किसी सहकर्मी से मदद मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में तरक्की होनी तय है। इस राशि की महिलाएं नए कपड़े खरीदने के लिए शॉपिंग के लिए जा सकती हैं। आप किसी काम में अच्छी परफॉरमेंस देने के लिए कुछ नया प्रयोग कर सकते हैं। ऑफिस में नई जिम्मेदारियां आपको मिलेंगी। माता-पिता आपकी मेहनत से खुश रहेंगे। आपको सभी काम में उनका आशीर्वाद मिलेगा।

मिथुन राशि : आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। दांपत्य रिश्ते में नई ताजगी महसूस करेंगे। आज पहले किये हुए किसी कार्य का लाभदायक परिणाम मिलाने से आपको खुशी होगी। राजनीति से जुड़े लोगों आज जन संपर्क कर सकते हैं। आज आप महत्वपूर्ण काम पूरा करने में सफल होंगे, जो भविष्य में आपको बड़ा फायदा देने वाला रहेगा। ऑफिस में कलीग्स के साथ आपकी अच्छी तालमेल बनी रहेगी।

कर्क राशि : आज का दिन महत्त्वपूर्ण रहेगा। आपकी सारी इच्छाएं पूरी होगी। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। लवमेट के साथ शादी फिक्स हो सकती है। दोस्तों के साथ बाहर मूवी देखने का प्लान बन सकता है। बिजनेस के सिलसिले में आपका बाहर जाने का प्लान बन सकता है। घर में परिवार के साथ टाइम स्पेंड करने से रिश्तों में मजबूती बनी रहेगी।

सिंह राशि : आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज आपके मन में बहुत-सी सकारात्मक भावनाएं आएंगी। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा। बेहतर होगा आज सामानों की लिस्ट बनाकर ही बाजार जाएं। इस राशि के छात्रों को कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। किसी नए कॉलेज में एडमिशन लेने के लिए आपको भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

कन्या राशि: आज आपका दिन सुनहरे पल लेकर आया है। आज परिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आप कुछ नया करने के लिए नए तरीके अपना सकते हैं काम करने में आसानी होगी। शाम को बच्चों के साथ समय बिताने पर आप राहत महसूस करेंगे। आज आप अपने दोस्तों के साथ गोल्फ खेलने जा सकते हैं। इम्युनीटी सिस्टम को बढ़ाने के लिए आप योगा कर सकते हैं। आप खुद को दूसरों के सामने साबित करने में सफल होंगे।

तुला राशि : आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। बिना वजह घर के किसी सदस्य पर गुस्सा न करें। आज आपको किसी अपनो से धन की प्राप्ति होगी। किसी नए काम की शुरुआत पूरे उत्साह के साथ करें, लेकिन प्रयत्न में सतर्कता भी रखें। आज घर और काम में संतुलन बनाए रखेंगे। किसी व्यक्ति के प्रति चल रही नकारात्मक थिंकिंग आज समाप्त हो जायेगी।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपके रुके हुए काम आसानी से पूरे हो जाएंगे। आज कई महत्वपूर्ण कामों में बदलाव भी होंगे। इस स्थिति में किस्मत आपका साथ देगी। आज अपने कामों में कामयाबी का परचम लहरायेंगे। आज खुद को मेंटली और फिजिकली फिट महसूस करेंगे। आप अपनी कड़ी मेहनत और सकारात्मक व्यवहार के जरिए कठिन परिस्थितियों से बाहर निकलने में सफल होंगे। पैसों के लेन-देन में थोड़ा सतर्क रहें।

धनु राशि : आज का दिन फेवरेबल रहेगा। इस राशि के राजनीतिक नेताओं के लिए आज का दिन अच्छा है। आप लवमेट को रिंग गिफ्ट कर सकते हैं। आज किसी कार्य में आ रही समस्याएं समाप्त हो जाने से कार्य तय समय पर पूरा हो जाएगा। लोगों का विश्वास आपके ऊपर बना रहेगा। जरूरतमंद को खाना खिलाने से आपका मन खुश रहेगा। आज आपके दांपत्य जीवन में नई नई खुशियां आएंगी।

मकर राशि : आज भाग्य आपका पूरा साथ देगा। आज सोचा हुआ काम पूरा हो जाने से आपको प्रसन्नता होगी। जिसके प्रभाव से आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को आज रोजगार मिलने के योग बन रहे हैं। किसी नजदीकी रिश्तेदार के आने से घर में खुशियों का माहौल रहेगा।

कुंभ राशि : आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। अपने बिजनेस में नए प्रयोग करने में आप सफल होंगे। आज आप जो भी सोचेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी। पहले किये गये कामों से भी आज बेहतर परिणाम प्राप्त होगा। अधिकारी वर्ग आपके काम की तारीफ करेंगे। प्रॉपर्टी से जुड़े काम आज पूरे हो सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति में अनुकूल परिणाम देखने को मिलेंगे।

मीन राशि : आज का दिन कॉन्फिडेंस के साथ शुरू होगा। कार्यस्थल पर लोगों द्वारा प्राप्त हो रही जानकारी का इस्तेमाल अपने काम को बेहतरीन बनाने के लिए करने की आवश्यकता है। आज का दिन बाहर घूमने-फिरने में बीतेगा। परिवारवालों के साथ मनोरंजन के लिए कहीं ट्रिप का प्लान बना सकते हैं, सभी सदस्यों में उत्साह बना रहेगा।

महाकुंभ में जाने वाले भक्तों के बीच भगदड़ में मौतों के लिए कौन जिम्मेदार है?

अशोक भाटिया , मुंबई

15 फरवरी, 2025 को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ के लिए प्रयागराज जाने वाले तीर्थयात्रियों पर मची भगदड़ में 18 लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हो गए।विपक्षी दलों ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 'कुप्रबंधन' के कारण मची भगदड़ के लिए रविवार को सरकार को दोषी ठहराया और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की।भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गयी थी। कांग्रेस, वाम दल, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सहित कई विपक्षी दलों ने सरकार पर व्यापक व्यवस्था करने में विफल रहने और मौतों की वास्तविक संख्या को 'छिपाने' का आरोप लगाया। विपक्ष ने मुसीबत के पानी में मछली पकड़ना शुरू कर दिया है, लेकिन सरकारों को राजनीति से ऊपर उठना चाहिए, भले ही यह अस्थायी रूप से उनकी (संभावित) विफलताओं की ओर ध्यान आकर्षित करे। हालांकि, भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें पोस्ट कर सरकार का बचाव करने की कोशिश की, जिसमें नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर स्थिति सामान्य होते हुए दिख रही थी। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शनिवार रात को कुछ यात्री फुट ओवरब्रिज से उतरते समय फिसलकर दूसरों पर गिर गए, जिसके बाद भगदड़ मच गई। रेलवे स्टेशन पर हुई इस घटना में एक दर्जन से अधिक लोग घायल भी हुए हैं। ज्ञात हो कि महाकुंभ तक पहुंचने के लिए लाखों श्रद्धालु ट्रेनों, बसों और वाहनों में हर दिन देश के सभी कोनों से यात्रा कर रहे हैं । पिछले 38 दिनों में, 60 करोड़ भक्तों ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई है। महाकुंभ 26 फरवरी को समाप्त होगा। वही प्रयागराज में 29 जनवरी को महाकुंभ के लिए एकत्र हुए श्रद्धालुओं के बीच मची भगदड़ में 40 लोगों की मौत हो गई थी। 10 फरवरी को प्रयागराज स्टेशन पर भगदड़ और हाथापाई हुई थी और महाकुंभ क्षेत्र में आग लगने से संपत्ति को भी काफी नुकसान हुआ था। लोगों का मानना है कि देश की राजधानी नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, देश के सभी शहरों को जोड़ने वाली ट्रेन है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर चौबीसों घंटे भीड़ रहती है। इसमें सीसीटीवी कैमरों का नेटवर्क है। सुरक्षा अधिक है। जनशक्ति अन्य रेलवे स्टेशनों की तुलना में बेहतर है। तो महाकुंभ में जाने वाले भक्तों के बीच भगदड़ में 18 मौतों के लिए कौन जिम्मेदार है? क्या हम यात्रियों की भारी भीड़ को नियंत्रित नहीं कर सकते थे? क्या सुरक्षा व्यवस्था अपर्याप्त थी? क्या वहां अराजकता इसलिए थी क्योंकि रेलवे प्लेटफार्म अचानक बदल गया था? क्या घोषणाएं गलत थीं? क्या अफवाहों ने भीड़ द्वारा निर्दोष भक्तों का दम घोंट दिया? क्या रेलवे स्टेशन पर अचानक सीढ़ियों के बंद होने से भगदड़ मच गई? इन सभी सवालों के जवाब उच्च स्तरीय जांच के बाद पता चलेंगे। लेकिन प्रयागराज या दिल्ली स्टेशनों पर भारी भीड़ की मौत वापस नहीं आएगी। भारतीय रेलवे के इतिहास में यह पहली दुर्घटना नहीं है। एक दर्जन से अधिक रेल यात्रियों की मौत हो चुकी है। इस साल 22 जनवरी को कुछ यात्रियों ने उत्तरी महाराष्ट्र के जलगांव में लखनऊ-मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस की चेन खींचकर ट्रेन को रोक दिया। पंजाब में ट्रेन दुर्घटनाओं की एक श्रृंखला, सूरत में सौराष्ट्र एक्सप्रेस पटरी से उतर गई, जून 2024 में बिहार के कटिहार में कंचनगंगा एक्सप्रेस पर एक मालगाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होने से 10 लोगों की मौत हो गई, और 2023 में ओडिशा ट्रेन दुर्घटना में 296 लोगों की जान चली गई। हर घटना के बाद विपक्षी दल ने रेल मंत्री के इस्तीफे की मांग की, लेकिन पिछले 10 सालों में न तो किसी रेल मंत्री ने इस्तीफा दिया और न ही विपक्षी पार्टी लगातार उनके इस्तीफे की मांग उठाती रही। भारतीय रेलवे के इतिहास में, केवल तीन रेल मंत्रियों ने ट्रेन दुर्घटना के बाद मंत्रियों के रूप में इस्तीफा दिया है। लाल बहादुर शास्त्री, ममता बनर्जी और नीतीश कुमार ने ट्रेन दुर्घटना की जिम्मेदारी लेने के बाद रेल मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया। लाल बहादुर शास्त्री ने तमिलनाडु (तब मद्रास) में अरियालुर ट्रेन दुर्घटना के बाद 1956 में दुर्घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेने के बाद रेल मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया। ये था। अरियालुर और कल्लागम रेलवे स्टेशनों के बीच पुल से पानी बह रहा था। पानी की रफ्तार से पुल का 20 फीट हिस्सा बह गया और उसके बाद भी बाढ़ का पानी बढ़ता रहा। वही तूतीकोरिन एक्सप्रेस 23 नवंबर 1956 को अल्लियालुर स्टेशन से सुबह 5।30 बजे रवाना हुई थी और तीन किलोमीटर की दूरी पर पटरी से उतर गई थी। ट्रेन का इंजन और सात बोगियां नदी में गिर गईं। आठवां डिब्बा पटरी से उतर गया जबकि आखिरी चार डिब्बे सुरक्षित हैं। दुर्घटना में 142 यात्रियों की मौत हो गई और 110 घायल हो गए। उस समय लाल बहादुर शास्त्री रेल मंत्री थे। हादसे से पहले कुछ और गंभीर रेल हादसे भी हुए थे। 2 सितंबर, 1956 की रात को, सिकंदराबाद से आ रही एक ट्रेन महबूबनगर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें 121 यात्री मारे गए। लेकिन अरियालुर त्रासदी के बाद, शास्त्री ने तत्कालीन प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को अपना इस्तीफा सौंप दिया। पंडित नेहरू ने लोकसभा में घोषणा की थी कि वह शास्त्री का इस्तीफा स्वीकार कर रहे हैं। पंडित नेहरू ने कहा, 'मैं नहीं मानता कि ट्रेन हादसे के लिए शास्त्री जी खुद जिम्मेदार हैं। लेकिन हम संवैधानिक औचित्य की दृष्टि से उनका इस्तीफा स्वीकार कर राष्ट्रपति के पास भेज रहे हैं ताकि कोई यह न मान सके कि चाहे कुछ भी हो जाए। 2 अगस्त, 1999 की रात को ब्रह्मपुत्र मेल दिल्ली जा रही थी और सामने से अवध असम एक्सप्रेस आई। बोडो उग्रवादियों के विरोध के द्वीप पर भीषण दुर्घटना हुई। गैसल स्टेशन पर केबिन में बिजली नहीं होने के कारण अंधेरे में बैठा केबिनमैन कुछ भी जान सकता था। 300 से अधिक यात्री मारे गए और 600 से अधिक घायल हो गए। अगले दिन जब तत्कालीन रेल मंत्री नीतीश कुमार दोपहर 3 बजे मौके पर पहुंचे तो गुस्साई भीड़ मौके पर पहुंच गई। क्रेन भी देरी से पहुंची। इससे व्यथित नीतीश कुमार एक घंटे के भीतर ही दिल्ली लौट आए और दुर्घटना की नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए रेल मंत्री के रूप में अपना इस्तीफा तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को सौंप दिया। वाजपेयी ने नीतीश कुमार को इस्तीफा न देने के लिए मनाने की बहुत कोशिश की, लेकिन अंततः उनका इस्तीफा स्वीकार करना पड़ा। बाद में, पत्रकारों से बात करते हुए, नीतीश कुमार ने कहा कि ट्रेन दुर्घटना रेलवे की विफलता थी और उन्होंने इस घटना की जिम्मेदारी स्वीकार की। उन्होंने यह भी कहा था कि दुर्घटना सिर्फ एक गलती नहीं बल्कि एक आपराधिक लापरवाही थी, यही वजह है कि उन्होंने रेल मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया है। 2000 में, जब केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार सत्ता में थी, ममता बनर्जी ने ट्रेन दुर्घटनाओं की दो घटनाओं के बाद रेल मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन प्रधान मंत्री वाजपेयी ने उन्हें मना लिया और उनके इस्तीफे को अस्वीकार कर दिया। मार्च 2001 में, वाजपेयी ने फिर से नीतीश कुमार को रेल मंत्री का प्रभार सौंप दिया। उन्होंने रेलवे सुरक्षा और कुशल सिग्नल सिस्टम पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने रेल दुर्घटनाओं को कम करने पर ध्यान केंद्रित किया था। भारत में, हजारों ट्रेनें चौबीसों घंटे चलती हैं और लाखों लोग हर दिन उनसे यात्रा करते हैं। रेलवे सुरक्षा सबसे संवेदनशील और सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है। केंद्र सरकार द्वारा जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 75 प्रतिशत रेल दुर्घटनाएं रेलवे कर्मचारियों की लापरवाही या लापरवाही के कारण होती हैं। 10 प्रतिशत रेल दुर्घटनाएं मशीनरी या उपकरणों की खराबी के कारण होती हैं। रोलिंग स्टॉक, पटरियों, सिग्नलों आदि की तकनीकी खराबी के कारण रेलगाड़ियां पटरी से उतर जाती हैं। शॉर्ट सर्किट, पेंट्री कारों में कर्मचारी, ठेकेदार, यात्रियों के पास मौजूद ज्वलनशील पदार्थ आदि। रेलवे कर्मचारियों की संख्या आवश्यकता से कम है। अपर्याप्त जनशक्ति भी दुर्घटनाओं के कारणों में से एक है। करीब 20 हजार पद खाली थे। लोको स्टाफ, ट्रेन मैनेजर और स्टेशन मास्टर जैसे महत्वपूर्ण पद कई जगहों पर खाली पड़े हैं। भारतीय रेलवे की रिपोर्ट के अनुसार, 2004 और 2014 के बीच प्रति वर्ष ट्रेन दुर्घटनाओं की औसत संख्या 171 थी। 2014 और 2023 के बीच यह संख्या घटकर 71 प्रति वर्ष हो गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में उपनगरीय ट्रेन हादसों में हर दिन 6-7 यात्रियों की मौत होती है, लेकिन इसकी ज्यादा चर्चा नहीं होती। 2023 में स्थानीय दुर्घटनाओं में 2590 और 2024 में 2468 लोगों की मौत हुई।

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में विराट तोड़ सकते हैं कई रिकार्ड

दुबई। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में कई अहम रिकार्ड अपने नाम कर सकते हैं। विराट ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में शानदार अर्धशतकीय पारी खेलकर फार्म हासिल कर लिया है। ऐसे में प्रशंसकों को उम्मीद है कि विराट चैंपियंस ट्रॉफी में मैच विजेता पारियां खेलेंगे। विराट इस दौरान कई बड़े रिकॉर्ड बना सकते हैं। 297 एकदिवयीस मैचों में 13,963 रन बनाने वाले विराट के पास सबसे तेज 14,000 रन पूरे करने का अवसर है। अगर वह चैंपियंस ट्रॉफी में 37 रन बना लेते है तो वह एकदिवसीय में 14,000 रन बनाने वाले सबसे तेज बल्लेबाज बन जाएंगे। भारतीय टीम के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और श्रीलंका के पूर्व कप्तान

कुमार संगकारा ने ही एकदिवसीय में 14,000 से अधिक रन बनाए हैं। तेंदुलकर ने अपनी 350वें पारी में 14,000 रन का आंकड़ा पार किया था, जबकि संगकारा ने अपने 378 वीं पारी में यह उपलब्धि हासिल की थी। वहीं कोहली ने अब तक सिर्फ 285 पारियां खेली है। विराट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने के भी बेहद करीब हैं। कोहली ने सभी फॉर्मेट में 545 मैच खेले हैं और 27,381 रन बनाए हैं। अगर वह चैंपियंस ट्रॉफी 103 रन बना लेते हैं तो ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ देंगे। पोंटिंग ने 560 मैच खेले और 27,483 रन बनाए हैं विराट ने 2009 में भारत के लिए चैंपियंस ट्रॉफी में डेब्यू किया था. और अब तक खेले गए 13 मैचों में 529 रन बनाए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में खेल रहे बल्लेबाजों में विराट सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं.। 263 रन बनाने के साथ ही वो वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान क्रिस गेल के 791 रनों का रिकॉर्ड तोड़कर टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। विराट कोहली के निशाने पर चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे ज्यादा पाचास रन बनाने का रिकॉर्ड भी होगा। अब तक खेले गए 13 चैंपियंस ट्रॉफी मुकाबलों में उन्होंने पांच अर्धशतक बनाए हैं। अगर इस बल्लेबाज ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में दो अर्धशतक बना लिए तो वह राहुल द्रविड़ के सबसे ज्यादा अर्धशतकों 6 का रिकॉर्ड तोड़ देंगे।

चैंपियंस ट्रॉफी में पहली बार खेलेंगे दस भारतीय खिलाड़ी

मुम्बई। आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में इस बार भारतीय टीम में पिछली बार के केवल 5 ही खिलाड़ी शामिल हैं। ऐसे में इस बार करीब एक दस खिलाड़ियों को भारतीय टीम की ओर से डेब्यू का अवसर मिल सकता है। इस बार कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के अलावा सारे ही नए खिलाड़ी हैं। यशस्वी जायसवाल और जसप्रीत बुमराह के संभावित खिलाड़ियों की सूची से बाहर होने के कारण वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा को अवसर मिला है.

साल 2017 में आखिरी बार चैंपियंस ट्रॉफी को खेला गया था। अब 8 साल बाद इस आईसीसी टूर्नामेंट की वापसी होने जा रही है। पिछली बार पाकिस्तान ने भारत को हराकर इस ट्रॉफी को अपने नाम किया था। तब से अब तक आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन नहीं किया है। अब एक बार फिर से इस मेगा इवेंट का आयोजन किया जा रहा है। इतने लंबे अंतराल में कई भारतीय खिलाड़ियों ने संन्यास ले लिया है तो कुछ टीम में जगह नहीं बना पाए। भारतीय दल में शामिल 15 में से 5 खिलाड़ियों ने ही चैंपियंस ट्रॉफी खेला है. चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारतीय टीम में 10 खिलाड़ी पहली बार खेलेंगे। इसमें शुभमन गिल (उपकप्तान), श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती शामिल हैं। उप कप्तान शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, केएल राहुल, कुलदीप यादव और हर्षित राणा का खेलना तो पक्का माना जा रहा है। वहीं ऋषभ पंत, वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती को अंतिम ग्यारह में अवसर मिलना थोड़ा मुश्किल है।

टीम - रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, रविंद्र जडेजा और वरुण चक्रवर्ती

कोच जेलेजनी से मिली सलाह से हुआ लाभ, अब 90 मीटर तक भाला फेंकेंगे नीरज

नई दिल्ली। देश के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने कहा है कि नए कोच यान जेलेजनी से मिली सलाह से उन्हें काफी लाभ हुआ है और वह आने वाले समय में 90 मीटर तक भाला फेंक सकेंगे। ओलंपिक पदक विजेता नीरज ने कहा कोच जेलेजनी से बात करने के बाद उनकी तकनीक में जो गलतियां पायी गयीं थीं उनका पता चल गया है और अब वह 90 मीटर के स्तर को हासिल करने के लिए कोच की सलाह के अनुसार थ्रो करने के तरीकों में कुछ बदलाव करेंगे। नीरज आजकल 90 मीटर के स्तर को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो उन्होंने 2022 में हासिल किया था। उनका सत्र मई में डाइमंड लीग के साथ शुरू होगा



और यह पूर्व ओलंपिक तथा विश्व चैंपियन जेलेजनी के साथ उनकी साझेदारी की प्रतिस्पर्धी शुरुआत होगी जिनके नाम भाला फेंक में विश्व रिकॉर्ड (98.48 मीटर) भी है। चोपड़ा ने कहा, 'मुझे लगता है कि 90 मीटर से अधिक का थ्रो वह जल्द ही फेंकेंगे। साथ ही कहा कि कोच ने मेरे खेल में कुछ तकनीकी बदलाव किए हैं। जिससे मुझे सहायता मिलेगी। मैं समझ पाया हूं कि वह मेरे से क्या उम्मीद करते हैं। उन्होंने मुझे जो गलतियां बताईं उनमें से एक यह थी कि मैं पेरिस में भी भाला बहुत नीचे फेंक रहा था और मेरा झुकाव बाईं ओर था। चोपड़ा ने कहा, 'अगर मैं उन बदलावों को शामिल करने में सक्षम रहा तो मुझे लगता है कि मैं बहुत जल्द बेहतर हो जाऊंगा। नीरज ने कहा कि मैं भाले को 90 मीटर से अधिक फेंकना चाहता हूं, हर कोई मानता है कि मैं ऐसा कर सकता हूं। उन्होंने ग्रोइन की चोट के बारे में भी बात की जिसने पिछले साल उनके सत्र को नुकसान पहुंचाया। चोपड़ा ने कहा, 'ग्रोइन की चोट लंबे समय से एक समस्या रही है। मैं अपनी चोट के कारण अपनी तकनीक में 100 प्रतिशत नहीं दे पा रहा था। मैं प्राग में जेलेजनी के डॉक्टर के पास गया और उन्होंने कुछ व्यायाम सुझाए। मैं उस पर काम कर रहा हूं, इसलिए उम्मीद है कि इससे मदद मिलेगी और मैं अपना 100 प्रतिशत दे पाऊंगा।

बांग्लादेश के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी मुकाबले में अर्शदीप को शामिल करे भारत : पोंटिंग

दुबई। भारतीय क्रिकेट टीम चैम्पियंस ट्रॉफी में अपना पहला मैच गुरुवार को बांग्लादेश से खेलेगी। इसी को लेकर ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि भारतीय टीम को इसमें हर्षित राणा की जगह पर बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को शामिल करना चाहिये। पोंटिंग के अनुसार इस टूर्नामेंट में मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में अर्शदीप अहम भूमिका निभा सकते हैं। राणा ने हाल में इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में अच्छा प्रदर्शन कर अंतिम ग्यारह के लिए अपनी दावेदारी पक्की की थी। पोंटिंग ने कहा कि मैं पहले मैच के लिए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को रखना चाहूंगा। इसलिए मैं राणा की जगह अर्शदीप को टीम में रखना चाहूंगा। उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि अर्शदीप कितना अच्छा गेंदबाज है और अगर कौशल की बात करें तो

शायद उसके पास भी बुमराह जैसा कौशल है। वह नई गेंद से डेथ ओवरों में प्रभावी प्रदर्शन करने में सक्षम है। पोंटिंग ने कहा कि हर्षित भी एक अच्छा गेंदबाज है। मुझे लगता है कि वह काफी प्रतिभाशाली हैं और हम सभी जानते हैं कि नई गेंद से वह क्या कमाल कर सकता है पर मुझे नहीं लगता कि डेथ ओवरों में वह अर्शदीप जैसी भूमिका निभा सकता है। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि अंतिम एकादश में बाएं हाथ का तेज गेंदबाज होना अंतर पैदा करता है। इससे आक्रमण को विविधता मिलती है। टीम में नई गेंद संभालने और मूव करने में सक्षम गेंदबाज की हमेशा ही जरुरत होती है।

डीविलियर्स के नाम हैं कई रिकार्ड

जोहांबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज एबी डीविलियर्स अपने आक्रामक क्रिकेट के कारण जाने जाते हैं। उन्होंने अपनी तेज पारियों से कई बड़ें रिकार्ड कायम किये हैं जिन्हें तोड़ना किसी के लिए भी आसान नहीं होगा। इसए बल्लेबाज ने एक से बड़कर एक ऐसे शॉट लगाये जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। डीविलियर्स के नाम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक का विश्व रिकॉर्ड है। यह रिकॉर्ड उन्होंने एक दशक पहले बनाया था जो आज तक कोई बल्लेबाज नहीं तोड़ पाया है। उन्होंने 16 गेंदों पर ही अर्धशतक लगा दिया था। डीविलियर्स ने साल 2015 में वेस्टइंडीज के खिलाफ केवल 16 बॉल पर ये रिकार्ड बनाया था। उन्होंने तब श्रीलंका के पूर्व सलामी बल्लेबाज सनथ जयसूर्या के रिकॉर्ड को तोड़ा था। जयसूर्या ने साल 1996 में पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए मुकाबले में 17 गेंदों में अर्धशतक लगाया था। डीविलियर्स एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने सबसे कम गेंदों पर शतक लगाया है जो आज तक कोई नहीं तोड़ पाया। यह विश्व कीर्तिमान उन्होंने साल 2015 में वेस्टइंडज के खिलाफ बनाया था। तब उन्होंने शतक पूरा करने के लिए 31 गेंदें खेलीं थी। डीविलियर्स ने उस समय न्यूजीलैंड के

कोरी एंडरसन का रिकॉर्ड तोड़ा था जिन्होंने 2014 में विंडीज के खिलाफ 36 गेंदों पर शतक लगाया था। इस मामले में अभी भी ये रिकॉर्ड टेस्ट में एबी डिविलियर्स के नाम दर्ज है. आईपीएल में सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने का रिकॉर्ड भी डीविलियर्स के नाम है जिन्होंने सर्वाधिक 25 बार इस अवॉर्ड को अपने नाम किया.दूसरे नंबर पर क्रिस गेल हैं जो 22 बार मैन ऑफ द मैच अवॉर्ड जीत चुके हैं। डीविलियर्स ने 114 टेस्ट में 8765 रन बनाए हैं जिसमें 22 शतक और 46 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने 228 एकदिवसीय में 9577 रन बनाए वहीं इस फॉर्मेट में उनके नाम 25 शतक और 53 अर्धशतक है।

व्यापार

शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे शेयर बाजार की चाल में तेजी आ गई। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.18 प्रतिशत और निफ्टी 0.25 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, ट्रेंट लिमिटेड, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक और हीरो मोटोकॉर्प के शेयर 2.88 प्रतिशत से लेकर 1.05 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर डॉक्टर रेड्डीज लेबोरेट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, ब्रिटानिया, सन फार्मास्युटिकल्स और टीसीएस के शेयर 2.37 प्रतिशत से लेकर 1.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,460 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी।

इनमें से 2,083 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 377 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 17 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 13 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 30 शेयर हरे निशान में और 20 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 180.12 अंक टूट कर 75,787.27 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये सूचकांक गिर कर 75,581.38 अंक तक गिर गया, लेकिन पहले 15 मिनट के कारोबार के बाद ही खरीदारी शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से सुबह 10 बजे के करीब ये सूचकांक उछल कर 76,146.64 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 140.44 अंक की मजबूती के साथ 76,107.83 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 98.05 अंक की गिरावट के साथ 22,847.25 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली के दबाव की वजह से ये सूचकांक फिसल कर 22,814.85 अंक तक आ गया, लेकिन थोड़ी ही देर बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 23,043.05 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 56.50 अंक की तेजी के साथ 23,001.80 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स 29.47 अंक यानी 0.04 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 75,967.39 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी ने 14.20 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,945.30 अंक के स्तर पर मंगलवार के कारोबार का अंत किया था।

ओला इलेक्ट्रिक के तेजी से गिर रहे शेयर, निवेशकों के 40 हजार करोड़ डूबे

नई दिल्ली। ओला इलेक्ट्रिक पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। यह कंपनी पिछले साल शेयर मार्केट में लिस्ट हुई थी। कंपनी ने अब तक निवेशकों का खूब पैसा डुबाया है। सोशल मीडिया पर कॉमेडियन कुणाल कामरा से हुई नोक-झोंक के बाद भाविश अग्रवाल की इस लिस्टेड कंपनी के शेयर तेजी से गिरे हैं। उस बहस में ओला के इलेक्ट्रिक स्कूटरों में कई तरह की खामियों और फिर सर्विस को लेकर जद्दोजहद उजागर हुई थी। नतीजा कंपनी के शेयर नीचे गिर गए। भाविश अग्रवाल की कंपनी ओला इलेक्ट्रिक के शेयरों में गिरावट जारी रहने से निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ा है। कंपनी के शेयर के उच्चतम मूल्यांकन के बाद से अब तक करीब 40 हजार करोड़ रुपए डूब चुके हैं। लिस्टिंग के बाद शुरुआती उछाल से 66 हजार करोड़ रुपए के मूल्यांकन वाली कंपनी का बाजार पूंजीकरण अब घटकर 26,187.81 करोड़ रुपए रह गया है। पिछले साल अगस्त में 76 रुपए प्रति शेयर पर अपनी शुरुआत करने वाले इस शेयर पर लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। यह मंगलवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 3 फीसदी से ज्यादा गिरकर 58.84 रुपए के अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। बढ़ते घाटे और घटते राजस्व, मौजूदा सेवा-संबंधी मुद्दों और भारतीय शेयर बाजार में व्यापक

सुधार की चिंताओं ने शेयर में गिरावट में योगदान दिया है। पिछले सप्ताह इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर फर्म ने अपने कंसोलिडेटेड शुद्ध घाटे में 50 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की थी जो कि वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 376 करोड़ रुपए से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 564 करोड़ रुपए हो गया था। इस अवधि में फर्म का परिचालन राजस्व भी 19 फीसदी से घटकर 1,296 करोड़ रुपए से 1,045 करोड़ रुपए रह गया। अपने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कंपनी ने तिमाही के दौरान बढ़े हुए घाटे के लिए अत्यधिक प्रतिस्पर्धी माहौल और सेवा चुनौतियों को जिम्मेदार ठहराया है। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी एग्रीगेटर ने दावा किया है कि सेवा संबंधी मुद्दों को ठीक कर लिया गया है और इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने पर ध्यान रखे है। पिछले साल दिसंबर में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर सेक्टर में कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 20 फीसदी से नीचे आ गई, जबकि जून 2024 में यह 49 फीसदी थी।

देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 दिल्ली:रविशंकर प्रसाद और ओपी धनखड़ को बनाया गया पर्यवेक्षक;दिल्ली के मुख्यमंत्री का ऐलान आज,भाजपा विधायक दल की बैठक;20 फरवरी को रामलीला मैदान में शपथ समारोह
2 ज्ञानेश कुमार आज नए मुख्य चुनाव आयुक्त का पद संभालें,जनवरी 2029 तक रहेगा कार्यकाल;इस दौरान 20 राज्य,1 केंद्र शासित प्रदेश में इलेक्शन
3 सीईसी-ईसी की नियुक्तियों के विरुद्ध याचिकाओं पर सुनवाई आज,सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर रहेंगी नजरें
4 खड़गे बोले:मोदी सरकार दिशाहीन और नीति विहीन है,व्यापार नीति भी खराब है,इसी वजह से भारतीय अर्थव्यवस्था बर्बाद हुई
5 आंध्र-गुजरात में इस साल शुरू होंगे देश के पहले बल्क ड्रग पार्क,दवा उत्पादन में भारत बनेगा आत्मनिर्भर
6 चंद्रयान-3 के लैंडर ने चौंकाया,मिशन खत्म होने के बाद भी लगाई थी छलांग;ISRO चीफ ने किया खुलासा
7 कोर्ट आने की जरूरत नहीं,खर्चा हो जाता है;सावरकर मानहानि मामले में राहुल गांधी को बड़ी राहत
8 AAP नेता सत्येंद्र जैन पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस चलेगा,राष्ट्रपति ने गृह मंत्रालय को परमिशन दी,ED जल्द कर सकती है गिरफ्तार
9 ममता बनर्जी का विवादित बयान,बोलीं: महाकुंभ 'मृत्युकुंभ' में बदल गया,भगदड़ की घटनाओं पर चिंता जताई,कहा:गरीब तरस रहे,VIPs को खास सुविधाएं मिल रहीं
10 शिंदे गुट के 20 विधायकों की Y-कैटेगरी सुरक्षा घटाई,भाजपा और NCP विधायकों की भी सुरक्षा कम हुई, रिपोर्ट्स में दावा:शिंदे नाराज
11 महाराष्ट्र की राजनीति में एक नया मोड़ आता हुआ दिख रहा है,जहां मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के बीच चल रहे शीत युद्ध के दावों में नया मोड़ आता हुआ दिख रहा है,मीडिया रिपोर्टस की माने तो सीएम फडणवीस के गृह विभाग ने 20 से अधिक शिवसेना विधायकों की सुरक्षा में बदलाव किया; उनकी सुरक्षा को वाई+ श्रेणी से घटाकर सिर्फ एक कांस्टेबल पर कर दिया गया
12 भगवंत मान का नाम है,जोकर होना चाहिए;बीजेपी नेता रवनीत बिट्टू के पंजाब CM पर बिगड़े बोल
13 केरल में स्टूडेंट को थूक मिलाकर पानी पिलाया,घुटने पर बैठाकर पीटा,7 स्टूडेंट सस्पेंड;राज्य में एक हफ्ते में रैगिंग का तीसरा मामला
14 केरल के मलप्पुरम में फुटबॉल मैच से पहले हादसा,आतिशबाजी के दौरान 30 से ज्यादा लोग झुलसे
15 अश्लील कमेंट: यूट्यूबर अलाहबादिया को सुप्रीम कोर्ट ने फटकार,कहा:इनके दिमाग में गंदगी;केंद्र से कहा:एक्शन लीजिए, वरना हम चुप नहीं बैठेंगे
16 स्कूल गर्ल्स से रोजा रखवाते-कलमा पढ़वाते रेपिस्ट,अश्लील वीडियो से धर्मांतरण के लिए ब्लैकमेल कर रहा था गिरोह;कोई आरोपी मजदूर,कोई वेल्डिंग करने वाला
17 यूक्रेन का ऐसा भीषण हमला,महीनों तक उबर नहीं पाएंगे पुतिन;रूस को तगड़ा नुकसान
18 इजराइल की 1 हरकत पर बिदका हिजबुल्लाह! लेबनान से फिर जंग के आसार
19 भारत-कतर के बीच 5 साल में व्यापार होगा डबल,अभी 14 अरब डॉलर का सालाना ट्रेड दोनों देशों के बीच होता है
20 अफगान सीमा पर पाकिस्तानी सेना का बड़ा ऑपरेशन,30 आतंकवादियों को उतारा मौत के घाट
21 पाकिस्तान की हिमाकत,संसद में प्रस्ताव कर की कश्मीर में जनमत संग्रह की मांग
22 PM Modi: परिवार संग पीएम मोदी से मिले ऋषि सुनक,भारत-ब्रिटेन संबंधों पर हुई चर्चा
23 ओडिशा में नेपाली छात्रा की मौत से गहराया विवाद,पीएम ओली से लेकर दूतावासों तक पहुँचा मामला
24 गोगोई की पत्नी से जुड़ा मामला कोई जासूसी' नहीं,केवल राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित:असम सीएम
25 शेख हसीना का प्रत्यर्पण बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की प्राथमिकता:प्रवक्ता
26 देश के दुश्मनों के साथ कांग्रेस,सैम पित्रोदा के बयान पर भड़के छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय,चीन को दोस्त बताया था
27 Mahakumbh: ममता बनर्जी के बयान पर संत समाज में आक्रोश,महाकुंभ को मृत्यु कुंभ' बताने पर भड़के संत
28 पटना में बदमाशों और STF के बीच मुठभेड़ के बाद 4 गिरफ्तार,तीन घंटे तक ठहरा रहा शहर
29 नागरिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करे जम्मू कश्मीर पुलिस:शाह
30 PAK vs NZ में ओपनिंग मुकाबला आज,हारे तो वापसी मुश्किल
31 KIIT छात्रा की मौत के मामले में ओडिशा के मुख्यमंत्री ने नेपाली छात्रों को दिया न्याय का आश्वासन
32 दिल्ली:RSS के नए कार्यालय केशव कुंज' का उद्घाटन आज;अमित शाह,राजनाथ सिंह और जेपी नड्डा पहुंचे
33 कुंभ को लेकर दिए गैरजिम्मेदाराना बयान... दिखाए गए झूठे वीडियो,कुंभ में चुपचाप डुबकी लगाकर आ गए अखिलेश:सीएम योगी
34 56 करोड़ से ज्यादा लोग कर चुके हैं त्रिवेणी में स्नान, विधानसभा में बोले सीएम योगी
35 CBI ने 2010 बैच के IAS अफसर राजीव रंजन के 7 ठिकाने पर की छापेमारी
36 NIA ने पाक ISI से जुड़े विशाखापत्तनम जासूसी मामले में 3 और आरोपियों को किया गिरफ्तार
37 भारत में 3-5 बिलियन डॉलर का निवेश कर सकती है टेस्ला,अप्रैल में दौरे पर आएंगे कंपनी के अधिकारी
38 केजरीवाल और आतिशी को भेजा शपथग्रहण समारोह का निमंत्रण:दिल्ली BJP नेता वीरेंद्र सचदेवा
39 राजस्थान बजट: सीएम शहरी जल जीवन मिशन की घोषणा,2 लाख घरों में लगेंगे पेयजल कनेक्शन
40 झारखंड में गुटखा और पान मसाले पर पूर्ण प्रतिबंध,स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी का ऐतिहासिक फैसला

ब्लैक शॉर्ट्स पहन अवनीत कौर ने दिखाया कातिलाना लुक

बॉलीवुड एक्ट्रेस अवनीत कौर आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस को अपने हुस्न का कायल कर देती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लग जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस की कुछ फोटोज सामने आई हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। टीवी इंडस्ट्री अवनीत कौर आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा करती रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं अवनीत कौर ने ब्लैक कलर का टॉप और ब्राउन कलर के शॉर्ट्स पहने हुए हैं। साथ ही एक्ट्रेस का कातिलाना अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। खुले बालों को कर्ली स्टाइल में लुक कर के, हाथों में छोटा सा बैग, हाई हील्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। एक्ट्रेस की इन फोटोज को देखकर फैंस की निगाहें उन पर अटक गई हैं। अवनीत कौर जब भी अपनी तस्वीरें फैंस के बीच साझा करती हैं तो फैंस उनके हर एक स्टाइलिश लुक को फॉलो करते हैं। एक यूजर ने एक्ट्रेस को ट्रोल करते हुए लिखा है- इसको क्या हो गया। दूसरे ने लिखा है- पता नहीं कैसे-कैसे कपड़े पहन लेते हैं। तीसरे यूजर ने लिखा है- बेशर्मी की हद हो गई है। वहीं, कई यूजर्स ने तारीफ भी की है। अवनीत कौर ने कैमरे के सामने अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करते हुए एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देते हुए एक बार फिर से सोशल मीडिया का टैम्परेचर बढ़ा दिया है।

शिव कार्तिकियन के जन्मदिन पर प्रशंसकों को मिला तोहफा

आगामी फिल्म के टाइटल संग एक्टर का फर्स्ट लुक आउट

तमिल एक्टर शिवकार्तिकियन के 40वां जन्मदिन के मौके पर एक्टर को हर तरफ से बधाइयां मिल रही हैं. इसी कड़ी में एसके23 के मेकर्स ने शिवकार्तिकियन के जन्मदिन पर उनके फैंस को एक नया तोहफा दिया है. मेकर्स ने एसके23 का ऑफिशियल टाइटल जारी करते हुए एक्टर की पहली झलक दिखाई है. 17 फरवरी को एसके23 के डायरेक्टर एआर मुरुगादास ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का ऑफिशियल टाइटल का पोस्टर साझा किया और फिल्म के हीरो शिवकार्तिकियन को जन्मदिन की बधाई दी. उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, हैप्पी बर्थ शिवकार्तिकियन. बड़े पैमान पर एक्शन के लिए ग्राउंड तैयार है. तबाही शुरू. एसके23 का ऑफिशियल टाइटल मद्रासी है. पोस्ट के कैप्शन में टाइटल के ग्लिम्प्स का लिंक भी दिया गया. वहीं, शिवकार्तिकियन ने भी अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर साझा किया है और कैप्शन में लिखा है, हमारे फेवरेट एआर मुरुगादॉस सर और मेरे प्यारे अनिरुद्ध के साथ हमारी हाई-ऑक्टेन एक्शन एंटरटेनर, मद्रासी टाइटल की झलक पेश करने के लिए एक्साइटेड हैं. शिवकार्तिकियन स्टारर को 5 भाषाओं तमिल, तेलुगू, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज किया जाएगा. एसके23 का तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम टाइटल मद्रासी है. जबकि हिंदी में इसका टाइटल दिल मद्रासी है. मेकर्स द्वारा जारी किए गए टाइटल ग्लिम्प्स की शुरुआत एक जंग की तैयारी के साथ होती है. इसमें दमदार एक्शन, बम विस्फोट, गोलीबारी समेत कई हिंसक सीन दिखाए गए हैं. वहीं, विद्युत जामवाल की एंट्री ने ग्लिम्प्स में जान डाल दी हैं. गिटार बजाते हुए फिल्म की हीरोइन रुक्मिणी वसंत की भी झलक दिखाई गई है. इस सीन के बाद शिवकार्तिकियन की एंट्री दिखाई गई है. वहीं आखिरी में शिवकार्तिकियन की झलक दिखाई गई है, जो साइलेंट, लेकिन वायलेंट लुक में नजर आ रहे हैं. दिल मद्रासी को पहले एसकेएक्सएआरएम के नाम से जाना जाता था. एआर मुरुगादास की निर्देशित एक्शन फिल्म में शिवकार्तिकियन अहम भूमिका में हैं. जबकि रुक्मिणी वसंत, बीजू मेनन, विद्युत जामवाल, विक्रांत को-स्टार के तौर पर नजर आएंगे.

खुशी कपूर और इब्राहिम अली खान की नादानियां का नया गाना गलतफहमी जारी

अभिनेता इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर की फिल्म 'नादानियां के निर्माताओं ने इसका दूसरा ट्रैक 'गलतफहमी रिलीज कर दिया है। फिल्म का नया गाना प्यार के बीच आने वाली मुश्किलों को दिखाता है। इंस्टाग्राम हैंडल पर गाना शेयर करते हुए निर्माताओं ने लिखा, उन लोगों के लिए जिन्होंने प्यार किया, खोया और कभी समझा नहीं पाए! 'गलतफहमी गाना रिलीज हो चुका है। 'गलतफहमी गाने को सचिन-जिगर ने कंपोज किया है और गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य ने गाने के बोल लिखे हैं। ट्रैक को आवाज तुषार जोशी और मधुबंती बागची ने दी है। इब्राहिम ने कहा, 'गलतफहमी में कुछ ऐसा है जिससे आप जुड़ सकेंगे। यह वास्तविक है और दिल टूटने के दर्द को दिखाता है। मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि दर्शक इससे कैसे जुड़ते हैं। यह प्यार और नुकसान का एक ऐसा पहलू है जो भरोसेमंद है। खुशी ने कहा, 'गलतफहमी ने मुझे व्यक्तिगत रूप से प्रभावित किया और यह 'नादानियां एल्बम के मेरे पसंदीदा ट्रैक में से एक है। मुझे विश्वास है कि दर्शक गलतफहमी के साथ जुड़ाव महसूस करेंगे। मैं लोगों के बीच इसे पेश करके काफी खुश हूं। संगीतकार जोड़ी सचिन-जिगर ने कहा, हम दर्शकों से मिले प्यार के लिए आभारी हैं और इस प्यार भरे ट्रैक के बाद गलतफहमी को लेकर आए हैं, जहां खूबसूरती के साथ इमोशंस भरे पड़े हैं। हम एक ऐसा ट्रैक बनाना चाहते थे, जो आपको अपनी ओर खींचे, जो आपको अपनी भावनाओं के साथ थोड़ी देर बैठने पर मजबूर करे। मुझे उम्मीद है कि वे इससे उतना ही जुड़ेंगे जितना हमने इसे बनाते समय जुड़ाव महसूस किया था। शौना गौतम के निर्देशन में बनी 'नादानियां को धर्मा एंटरटेनमेंट के तहत करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा ने तैयार किया है। यह फिल्म प्यार के कॉन्सेप्ट को एक नए मोड़ के साथ पेश करती है। 'नादानियां में इब्राहिम अली, खुशी कपूर के साथ दीया मिर्जा और सुनील शेट्टी भी हैं। खुशी कपूर की यह तीसरी फिल्म है। वहीं, सैफ अली खान और अमृता सिंह के बेटे इब्राहिम अली खान इस फिल्म के साथ डेब्यू करने को तैयार हैं।

मुझे दुख पहुंचाने का किसी को अधिकार नहीं: ईशा मालवीय

अभिनेत्री ईशा मालवीय ने सोशल मीडिया पर नकारात्मकता का सामना करने के बारे में बात की। उन्होंने ट्रोल करने वालों को करारा जवाब देते हुए कहा कि वह उन्हें अपने जीवन का हिस्सा नहीं मानतीं और वह अब किसी को भी दुख पहुंचाने का अधिकार नहीं देतीं। सोशल मीडिया पर एक्टिव अभिनेत्री ने कहा, मैं इन लोगों को अपने जीवन का हिस्सा भी नहीं मानती। व्यक्तिगत रूप से मैं किसी की पोस्ट पर नकारात्मक या सकारात्मक कमेंट करने में अपना समय बर्बाद नहीं करूंगी। यह बेकार है। लेकिन कुछ लोगों के पास नकारात्मक कमेंट करने के लिए इतना समय और एनर्जी होती है। मैं सच में नहीं समझ पाती कि वे इतने स्वतंत्र कैसे और क्यों हैं? अभिनेत्री ने कहा कि ऐसे दिन भी आते हैं, जब वह उदास महसूस करती हैं और ऐसे में वह अपने माता-पिता से बात करना पसंद करती हैं। उन्होंने कहा, मैं अब किसी को भी मुझे दुख पहुंचाने का अधिकार नहीं देती। अब मैं ही एकमात्र व्यक्ति हूं, जो खुद को दुख पहुंचा सकती हूं। पहले मैंने लोगों को मुझे दुख पहुंचाने की अनुमति दी थी, लेकिन अब ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा कि वह अपनी जिंदगी में माता-पिता के साथ दादी को महत्वपूर्ण स्थान देती हैं। उन्होंने कहा, अभी भी ऐसे दिन हैं, जब आपको लगता है कि आपको किसी की जरूरत है और मेरे लिए वह मेरी मां, पिता और मेरी दादी मां हैं। जब उनसे पूछा गया कि वह सुर्खियों में रहने के बाद अपनी पर्सनल लाइफ को कैसे मैनेज करती हैं तो ईशा ने कहा, जब आप एक सेलिब्रिटी होते हैं और लगातार लोगों की नजरों में रहते हैं, तो आपका जीवन निजी नहीं रह जाता है। लोग आपके बारे में जानने के लिए उत्सुक रहते हैं। ऐसे में आप जो भी करते हैं या जीवन में जो भी करना चाहते हैं, उसे लेकर आपको सावधान रहना होगा। कई बार मैं घर पर केवल आराम करना चाहती हूं। ईशा ने आगे कहा, मैं अपने आस-पास किसी भी पपराजी को नहीं चाहती। मैं बस अपने परिवार या स्कूल के दोस्तों के साथ रहना चाहती हूं, जो इस इंडस्ट्री से नहीं हैं। ऐसे दिन भी होते हैं, जब मुझे अपनी प्राइवेसी का सम्मान करने और उसे बनाए रखने की जरूरत महसूस होती है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।